जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 16 | संख्याः 106 | प्रभात | चूरू, सोमवार 12 अगस्त, 2024 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*रोमनकाल में एथेन्स में बना इंजीनियरिंग का सबसे अद्भुत नमूना हेड्रिअन रैज़वॉयर (जलाशय) आज के दिन एक आउटडोर मूवी थिएटर के नीचे है। लगभग 2000 साल पुराने इस रैज़वॉयर के ऊपर खुली हवा में बैठकर लोग फिल्म देखते हैं। दूसरी सदी ईसवी में एथेन्स वासियों की बढ़ती हुई पानी की आवश्यकता पूरी करने के लिए, सम्राट हेड्रिअन ने एक जलाशय बनाने का आदेश दिया। इस तरह 125 ईसवी में पानी के परिवहन के लिए एक पाईप-लाइन का निर्माण शुरु हुआ, जो ''माउन्ट परनिथा'' से आरंभ होकर, 12 मील दूर ''माउन्ट लायकाबैटस'' की तलहटी तक जाती थी, जहाँ जलाशय का निर्माण किया गया। इस मानव निर्मित पाईप-लाइन का ज्यादातर हिस्सा भूमिगत सुरंग जैसा था, जिसे ठोस चट्टानों को काटकर बनाया गया था। इसका निर्माण 140 ईसवी में पूरा हो गया था। तब से आज तक यह एथेन्स का सबसे बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट है। हेड्रिअन रैज़वॉयर, माउन्ट लायकाबैटस के पश्चिमी बेस पर स्थित है। यहाँ से निकलने वाले पाइपों के द्वारा 1000 वर्षों तक उस इलाके के निवासियों की पानी की ज़रुरतें पूरी हुईं। जलाशय, हेड्रिअन और उनके उत्तराधिकारी एन्टोनाइनस पायस को समर्पित था, जिनके शासनकाल में इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ था। ऑटोमन साम्राज्य के शासनकाल में, इस जलाशय का परित्याग कर दिया गया था, जिसके कारण अधिकतर निवासियों को कुओं पर निर्भर होना पड़ा। फिर, वर्ष 1847 में जलाशय की पाइपलाइनों का जीर्णोद्वार शुरु हुआ, हालांकि 1929 में ''मैराथन बांध'' बनने के बाद यह जलाशय पानी का मुख्य स्रोत नहीं रहा। वर्तमान में जलाशय से पीने के पानी की सप्लाई नहीं होती है, लेकिन फिर भी जलाशय का थोड़ा सा पानी पाइपलाइन से होते हुए, अंतिम छोर पर एक गंदे नाले में गिरता है। इस स्थान पर अब सीढ़ियों का कुछ भाग तथा दो खंभों की नींव ही बची हुई है। जलाशय के प्रवेश द्वार के ढांचे का एक भाग भी अस्तित्व में है, लेकिन वह ''नेशनल गार्डन'' में रखा हुआ है।*

# अडानी के शेयरों के निवेशक अपनी गाढ़ी कमाई खो देते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन?

## राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट में सेबी अध्यक्ष और अडानी ग्रुप के बीच मिलीभगत के खुलासे के मामले में यह सवाल पूछा

नई दिल्ली, 11 अगस्त। अमेरिका की शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट को लेकर राहुल गांधी ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर कर पूछा है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद यदि निवेशक अपनी गाढ़ी कमाई खो देते हैं, तो किसे जवाबदेह किसे ठहराया जाएगा? राहुल गांधी इस मामले में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी, सेबी अध्यक्ष और उद्योगपति गौतम अडानी को भी लपेटा है।

राहुल गांधी के पूछा कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद उन्होंने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया है। इसके अलावा राहुल गांधी ने कहा कि नए और गंभीर आरोपों को देखते हुए क्या सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेगा? इसके साथ ही राहुल गांधी ने सवाल किया है कि अगर निवेशकों का पैसा डूब जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा-प्रधानमंत्री मोदी, माधबी पुरी बूच या गौतम अडानी।

- **राहुल गांधी के पूछा कि सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद उन्होंने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया है। इसके अलावा राहुल गांधी ने कहा कि नए और गंभीर आरोपों को देखते हुए क्या सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेगा?**
- **राहुल गांधी ने सवाल किया है कि अगर निवेशकों का पैसा डूब जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा- प्रधानमंत्री मोदी, सेबी की अध्यक्ष माधबी बूच या फिर गौतम अडानी।**
- **राहुल गांधी ने इस मामले में जॉइन्ट पार्लियामैंट्री कमिटी की जांच का जिक्र करते हुये कहा कि ''प्रधानमंत्री मोदी एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी जांच से डरते हैं और इस मामले का खुलासा क्यों नहीं हो रहा है, यह अब स्पष्ट हो चुका है।''**

जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी की जांच का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी जांच से डरते हैं और इसका खुलासा क्यों नहीं हो रहा है, यह अब स्पष्ट हो चुका है।''

राहुल गांधी के बयान से पहले कांग्रेस ने इस मामले में रविवार को कहा कि सरकार को अडानी ग्रुप की विनायमक द्वारा की गयी जांच में हितों के सभी टकरावों को तत्काल दूर करना चाहिए। कांग्रेस ने इस मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की अपनी मांग भी दोहरायी।

विपक्षी पार्टी ने यह भी कहा कि 'देश के शीर्ष अधिकारियों की कथित मिलीभगत' का समाधान केवल इस 'घोटाले' के पूरे दायरे की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति गठित करके ही किया जा सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सेबी ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष मोदी जी के करीबी मित्र अडानी को हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 के खुलासों में 'क्लीनचिट' दी थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, सेबी प्रमुख से जुड़े ' परस्पर फायदा पहुंचाने' के नए आरोप सामने आए हैं।

खड़गे ने एक्स पर कहा, ''मध्यम वर्ग से संबंधित छोटे और मध्यम निवेशकों, जो अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में निवेश करते हैं, को संरक्षित करने की आवश्यकता है, क्योंकि वे सेबी पर विश्वास करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब तक इस महा-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'बांग्लादेश के रणनीतिक द्वीप पर नियंत्रण के लिए अमेरिका ने हमें हटाने की साजिश रची'

## बांग्लादेश की पूर्व प्र.मंत्री शेख हसीना ने अमेरिका पर बांग्लादेश में तख्तापलट की साजिश रचने के आरोप लगाये

ढाका, 11 अगस्त (वार्ता) बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को प्रकाशित एक पत्र में अमेरिका पर सेंट मार्टिन के रणनीतिक द्वीप की संप्रभुता छोड़ने से इनकार करने के बाद उन्हें हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

'द इकोनॉमिक टाइम्स' को प्राप्त पत्र में लिखा है, अगर मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता को आत्मसमर्पण कर दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभुत्व रखने की अनुमति दी होती तो मैं सत्ता में बनी रह सकती थी।

सुश्री हसीना ने पिछली गर्मियों में बिना किसी पार्टी का विवरण दिये कहा था कि बंगलादेश द्वीप को पट्टे (लीज) पर नहीं देगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कुछ दिनों बाद कहा कि अमेरिका ने कभी भी द्वीप पर नियंत्रण लेने की योजना का उल्लेख नहीं किया था।

- **'द इकोनॉमिक टाइम्स' को प्राप्त पत्र में लिखा है, अगर मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता को आत्मसमर्पण कर दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभुत्व रखने की अनुमति दी होती तो मैं सत्ता में बनी रह सकती थी।**
- **गौरतलब है कि शेख हसीना ने पिछली गर्मियों में बिना किसी पार्टी का विवरण दिये कहा था कि बंगलादेश द्वीप को पट्टे (लीज) पर नहीं देगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कुछ दिनों बाद कहा कि अमेरिका ने कभी भी द्वीप पर नियंत्रण लेने की योजना का उल्लेख नहीं किया था।**

हसीना ने कहा कि उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया 'ताकि मुझे शवों का जुलूस न देखना पड़े' और उन्होंने दक्षिण एशियाई राष्ट्र से कट्टरपंथियों के बहकावे में न आने का भी आग्रह किया।

उन्होंने लिखा, अगर मैं देश में रहती, तो और अधिक जानें जातीं, अधिक संसाधन नष्ट हो जाते। मैंने बाहर निकलने का बेहद कठिन निर्णय लिया। हसीना ने आगे कहा कि मैंने इसलिए इस्तीफा दिया ताकि देश में अमन-चैन कायम रहे। मैं नहीं चाहती थी कि वहां पर हिंसा हो। शेख हसीना ने कहा कि वह लोग छात्रों की लाशों पर सत्ता हासिल करना चाहते थे। लेकिन मैंने पहले ही इस्तीफा देकर ऐसी नौबत ही नहीं आने दी। गौरतलब है कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात काफी ज्यादा खराब हैं। पांच अगस्त को छात्रों का विरोध प्रदर्शन तेज हुआ था। यह लोग सरकारी नौकरी में विवादास्पद कोटा सिस्टम खत्म करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद बढ़ती हिंसा से डरकर शेख हसीना मिलिट्री एयरक्राफ्ट में सवार होकर भारत पहुंच गईं। फिलहाल वह भारत में ही मौजूद हैं। बांग्लादेश में नोबल विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चुनी गई है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मैंने अमेरिका को बंगाल की खाड़ी में अधिकार दे दिए होते तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणाः जमीन विवाद में गोलियां चली, 8 घायल

सिरसा, 11 अगस्त। हरियाणा के सिरसा में रानियां में नामधारी डेरे की जमीन को लेकर दो गुटों में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस घटना में 6 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें पहले सिरसा के एक अस्पताल में दाखिल करवाया गया लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सभी को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव पैदा हो गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

- **हरियाणा के सिरसा में रानियां में नामधारी डेरे की जमीन को लेकर दो गुटों में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। यह मामला बीते कई दिनों से चल रहा है जो सरकार के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन चुका है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कानोता बांध में 5 युवक डूबे, एक साथी बाहर निकला

## शास्त्रीनगर और झोटवाड़ा के रहने वाले 6 युवक रविवार शाम कानोता बांध घूमने पहुंचे थे

जयपुर, 11, अगस्त । राजधानी जयपुर के नजदीक कानोता बांध में रविवार शाम 5 युवक डूब गए, जबकि उनका एक साथी सुरक्षित बाहर निकल गया। जानकारी मिलने पर एस.डी.आर.एफ. और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद रैस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। देर रात दो युवकों के शव बाहर निकाल लिये गये, जबकि शेष तीन युवकों की तलाश चलती रहीं। ज्ञात रहे कि तेज बारिश के कारण कानोता बांध में करीब 5 दिन से पानी की चादर चल रही है।

जानकारी के मुताबिक जयपुर के शास्त्रीनगर और झोटवाड़ा के रहने वाले 6 युवक रविवार शाम कानोता बांध घूमने पहुंचे थे। सभी दोस्त नहाने लग गए, तभी एक युवक का पैर पाल पर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। इस दौरान अन्य पांच युवक भी पानी में गिर गए। इनमें से एक युवक बाहर निकल आया। हादसे की सूचना मिलने के बाद कानोता थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एस.डी.आर.एफ. और सिविल डिफेंस की टीमों ने मौके पर सर्च की कार्यवाही शुरू की। बस्सी ए.सी.पी. मुकेश चौधरी ने बताया कि रविवार देर रात बांध में डूबे दो युवकों हर्ष नागौरा व अजय माहोर का शव बाहर निकाल लिया गया, जबकि शेष तीन युवकों की तलाश में एस.डी.आर.एफ. और सिविल डिफेंस टीम जुटी रही। बताया जा रहा है कि कानोता बांध में पानी का बहाव तेज होने के कारण टीम को रैस्क्यू में परेशानी आयी।

- **हादसे की सूचना के बाद एस.डी.आर. एफ. और सिविल डिफैंस टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान शुरू किया, देर रात तक युवकों का कोई अता-पता नहीं चल सका था।**

कानोता पुलिस ने बताया कि बांध में हर्ष नागौरा (20), विनय मीना (22), विवेक माहोर (22), अजय माहोर (22) और हरकेश मीना (24) डूब गए। वहीं, उनका एक साथी राज बृजवासी बच गया। दोस्तों को डूबते हुए देखकर उसने आवाज लगाकर लोगों से मदद मांगी। उनकी तलाश की जा रही है। ज्ञात रहे कि इस बार मानसून की तेज बारिश के कारण कानोता बांध 24 साल में दूसरी बार छलका (ओवरफ्लो हुआ) है। इसकी वजह से यहां रोज बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। लेकिन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। इसकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी ने फसलों की 109 नई किस्में जारी की

नयी दिल्ली, 11 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त विभिन्न फसलों की 109 किस्में जारी की।

इस अवसर पर मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी मौजूद रहे।

मोदी ने 61 फसलों की 109 किस्में जारी की।

- **प्र.मंत्री मोदी ने 61 फसलों की 109 किस्में जारी की। इनमें 34 खेत की और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं।**

इनमें 34 खेत की और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी फसल किस्म से कृषि में मूल्य संवर्धन होगा।

उन्होंने मोटे अनाज का उल्लेख किया और कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। श्री मोदी ने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अडानी ग्रुप घोटाले की जांच के लिए जॉइन्ट पार्लियामैंट्री कमेटी जांच की जरूरत है'

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि जब तक इस मामले में अगर जे.पी.सी. जांच नहीं होती है तब तक यह संदेह बना रहेगा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं की अस्मिता से समझौता करके मोदी अपने सहयोगियों को बचाते रहेंगे

नई दिल्ली, 11 अगस्त। अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों के मद्देनजर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बड़े घोटाले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जे.पी.सी.) के गठन की जरूरत है। खड़गे ने आरोप लगाया कि जब तक जेपीसी इस मुद्दे की जांच नहीं करती, तब तक यह चिंता बनी रहेगी कि पिछले सात दशकों में कड़ी मेहनत कर बनाई गईं भारत की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सहयोगी को बचाते रहेंगे। कांग्रेस ने कहा कि सरकार को अडानी समूह की नियामक की जांच में सभी हितों के टकराव को खत्म करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की अपनी मांग दोहराई।

- **खड़गे ने एक्स पर लिखा, जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे के बाद सेबी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोगी अडानी को उच्चतम न्यायालय में क्लीन चिट दे दी थी। हालांकि, सेबी प्रमुख से जुड़े एक लेन-देन के बारे में नए आरोप सामने आए हैं।**
- **खड़गे ने कहा कि मध्यम वर्ग के छोटे और मध्यम निवेशकों को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में लगाते हैं।**

खड़गे ने एक्स पर लिखा, जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे के बाद सेबी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोगी अडानी को उच्चतम न्यायालय में क्लीन चिट दे दी थी। हालांकि, सेबी प्रमुख से जुड़े एक लेन-देन के बारे में नए आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के छोटे और मध्यम निवेशकों को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है क्योंकि वे अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में लगाते हैं और उनका सेबी पर भरोसा है। खड़गे ने कहा कि इस बड़े घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराना आवश्यक है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, तब तक यह चिंता बनी रहेगी कि पिछले सात दशकों में कड़ी मेहनत कर बनाई गईं भारत की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सहयोगी को बचाते रहेंगे।

हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया है कि सेबी की अध्यक्ष माधबी बुच और उनके पति के पास कथित अडानी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट विदेशी फंड में हिस्सेदारी थी। हिंडनबर्ग ने अडानी पर अपनी पिछली रिपोर्ट के 18

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पंजाबः कार पानी में बही, नौ मरे

होशियारपुर,11अगस्त (वार्ता)। पंजाब में होशियारपुर के जैजो गांव की खड्ड में आई बाढ़ में एक इनोवा कार के पानी के बहाव में बह गई जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई, एक बच्चे को बचा लिया गया जबकि एक अभी लापता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के देहला गांव के एक ही परिवार के लोग शादी समारोह में भाग लेने होशियारपुर के महालपुर जा रहे थे। जैजो गांव के पास लगातार हो रही बारिश से बाढ़ आ गई। मौके पर स्थानीय लोगों ने चालक को आगे जाने के लिए मना किया लेकिन चालक ने कार को पानी से निकालने की कोशिश की लेकिन पानी के तेज बहाव में कार बह गई। दीपक भाटिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान महालपुर गांव के सुरजीत, परमजीत कौर, सरूप चंद, बिंदर, शिन्नो, भावना (18), अंजू (20) और हरमीत (12) के रुप में की गयी हैं। घटना की सूचना पाकर प्रशासन और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर लापता की तलाश शुरू कर दी है।

- **पंजाब में होशियारपुर के जैजो गांव की खड्ड में आई बाढ़ में एक इनोवा कार के पानी के बहाव में बह गई जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई, एक बच्चे को बचा लिया गया जबकि एक अभी लापता है।**

## विचार बिन्दु

**ज्ञानी जन विवेक से सीखते हैं, साधारण मनुष्य अनुभव से, अज्ञानी पुरुष आवश्यकता से और पशु स्वभाव से। –कौटिल्य**

# छात्रसंघ चुनाव : दिल के खुश रखने को खयाल अच्छा है!

राजस्थान में इन दिनों शिक्षण संस्थाओं में छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग ज़ोर–शोर से की जा रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण, और विभिन्न राजनीतिक दलों से संबद्ध विद्यार्थी संगठन भी इसी तरह की मांग करते हुए आंदोलित हैं। बहुत रोचक बात यह है कि राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने वर्ष 2023 में छात्र संघ चुनाव न कराने का फैसला किया था। तब प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने के साथ ही विश्वविद्यालयों में चल रही प्रवेश और परीक्षा प्रक्रिया का हवाला देते हुए छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगाने की सलाह दी थी। इस सलाह को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया था और तदनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने एक आदेश में यह भी कहा था कि छात्र संघ चुनावों में धनबल और बाहुबल का खुलकर उपयोग किया जा रहा है, जो लिंगदोह कमिटी की सिफारिशों का उल्लंघन है। इस आदेश में यह भी कहा गया था कि यदि चुनाव कराए जाते हैं तो पढ़ाई प्रभावित होगी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सेमेस्टर सिस्टम लागू नहीं हो सकेगा। बहुत रोचक बात है कि इसके लगभग एक बरस बाद, जब राजस्थान में कॉंग्रेस की नहीं, भाजपा की सरकार बन चुकी है और अशोक गहलोत का पदनाम भूतपूर्व मुख्यमंत्री हो गया है, वे कह रहे हैं कि छात्रसंघ के चुनाव करवाए जाने चाहियें क्योंकि छात्र संघ राजनीति की पहली पाठशाला होते हैं और इनके चुनाव करवाने से विद्यार्थियों में लोकतंत्र और संविधान के प्रति जागरूकता आती है। हमारे यहां राजनीति की जो रिवायत है उसके चलते यह आश्चर्यजनक नहीं लगता है कि जब आप किसी पद पर होते हैं तो आपका कर्म अलग होता है और जब आप पद पर नहीं होते हैं तो आपके विचार उसके एकदम विपरीत होते हैं। लेकिन यह बात बड़ी रोचक लग रही है कि जहां राज्य की सरकार छात्र संघ चुनाव को लेकर कुछ भी कहने से बच रही है वहीं उसके अपने दल के कई बड़े लोग खुलकर छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग कर रहे हैं। कुछेक केंद्रीय मंत्री भी इस मांग के पक्ष में अपने बयान दे चुके हैं। जो न इधर हैं और न उधर, वे तो खुलकर इस मांग का समर्थन कर ही रहे हैं। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि राजनीतिक दलों के लोग और राजनीति में रुचि रखने वाले विद्यार्थी छात्र संघ चुनाव की मांग कर रहे हैं और सरकार अभी इस मामले पर मौन धारण किए हुए है।

जो लोग छात्र संघ चुनाव की मांग करते हैं उनके मुख्य तर्क ये होते हैं कि इनसे विद्यार्थियों को लोकतंत्र का प्रशिक्षण मिलता है, उनमें नेतृत्व भावना का विकास होता है, उनमें से जिनमें भी राजनीति में जाने की आकांक्षा है उन्हें इस बात का प्रशिक्षण मिलता है और विद्यार्थियों को प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने और अपनी असुविधाओं का निवारण करवाने का एक उपयुक्त माध्यम मिलता है। इसी तरह के अन्य अनेक तर्क भी दिए जाते हैं, जैसे अशोक गहलोत जी ने कहा कि इनसे विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न होती है। कितना अच्छा होता, अगर वे इतना और बता देते कि यह काम होता कैसे है! ऐसा नहीं है कि सारा विद्यार्थी समुदाय, सारा शैक्षिक तंत्र और सारा समाज इन चुनावों के पक्ष में ही है और इन्हें हितकारी मानता है। ऊपर हमने राजस्थान के उच्च शिक्षा विभाग के जिस आदेश का ज़िक्र किया है उसमें धनबल और बाहुबल की बात कह दी गई है। ऐसा तो है नहीं कि धनबल और बाहुबल का यह खेल केवल पिछले वर्ष ही खेला गया था, न तो इससे पहले खेला गया और न –अगर फिर से चुनाव हुए– इस वर्ष खेला जाएगा। जहां तक धनबल की बात है, अगर यह खेल पुराना न होता तो लिंगदोह समिति को अपनी रिपोर्ट ही नहीं देनी पड़ती। 23 मई, 2006 को ज़ारी इस 88 पन्नों की रिपोर्ट पर एक नज़र डालने से ही यह बात स्पष्ट हो जाती है कि छात्रसंघ चुनावों में बहुत सारी विकृतियां आ गई थीं। अब वे विकृतियां और बढ़ी हैं, कम नहीं हुई हैं। और बावज़ूद इस बात के कि इस रिपोर्ट की अनुशंसाएं अभी भी प्रभावी हैं, हर कोई जानता है कि वास्तव में तो उनका पालन नहीं होता है। सिर्फ़ दो बातों का ज़िक्र यहां करना चाहूंगा। इस रिपोर्ट में यह निर्देशित किया गया है कि छात्रसंघ के चुनावों में राजनीतिक दलों का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है? हर राजनीतिक दल की अपनी विद्यार्थी इकाई है और वह बाकायदा टिकिट वितरित करती है। अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता इन चुनावों पर पैनी नज़र रखते हैं और इनमें खुलकर हस्तक्षेप करते हैं। जहां तक चुनाव पर होने वाले खर्च की बात है, लिंगदोह समिति ने अपनी अनुशंसा (6.6.1) में कहा है कि प्रत्येक प्रत्याशी के लिए खर्च की अधिकतम सीमा पांच हज़ार रुपये होगी। जहां तक मेरी जानकारी है, यह राशि अब भी यथावत है, इसमें कोई वृद्धि नहीं की गई है, और इसलिए हमें मान लेना चाहिए कि सारे लोग इस सीमा के भीतर खर्च करके चुनाव लड़ रहे हैं। अगर उन्होंने इससे ज़्यादा खर्च किया होता तो निश्चय ही उन पर कोई कार्रवाई हुई होती। अब ज़रा बाहुबल की भी बात कर ली जाए। चुनाव के दौरान, और अनेक बार उसके बाद भी विभिन्न छात्र समूह जो गैंग वॉर का मंज़र प्रस्तुत करते हैं, उसे याद करके समझा जा सकता है कि इन चुनावों में बाहुबल का कैसा और कितना उपयोग होता है।

**अगर पूरे देश की राजनीति को देखें और यह जानने का प्रयास करें कि कुल कितने लोग इन चुनावों से आगे आए हैं, तो जो तस्वीर उभरेगी वह बहुत चमकदार तो नहीं ही होगी। और मान लीजिए कि कुछ लोग इन चुनावों की सीढ़ियां चढ़कर विधान सभाओं या लोकसभा तक पहुंच भी गए तो यह भी देखिए कि इसके लिए हमने कितनी कीमत चुकाई है!**

क्या ये निर्वाचित संघ विद्यार्थियों की समस्याएं दूर करवा पाते हैं? क्या उनकी दिलचस्पी ऐसा करने में होती है? मैंने बहुत लम्बे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में काम किया है, और अब उससे निवृत्त हो जाने के बाद भी उस क्षेत्र में मेरी रुचि बनी हुई है। मैं बहुत उत्सुकतापूर्वक अख़बारों को खंगालता हूं, यह जानने के लिए कि छात्र संघों के निर्वाचित पदाधिकारी अपने शैक्षिक प्रशासन के सामने विद्यार्थियों की कौन–कौन से समस्याएं लेकर जाते हैं। मैं बहुत क्षोभ के साथ लिख रहा हूं कि मैं ऐसे समाचार देखने–पढ़ने को तरस गया हूं। उनकी मांग अपने लिए कमरों की, सुविधाओं की और शपथ ग्रहण समारोह में अपनी पार्टी या अपनी जाति के नेता को बुलाने की सीमा को शायद ही कभी पार करती हो। जहां बड़ा बजट होता है वहां उनकी नज़र उसके दुरुपयोग पर भी रहना अपवाद नहीं होता है। भले ही ऐसा सब न करते हों। अगर जुलाई अगस्त में चुनाव होते हैं तो दिसम्बर तक तो छात्र संघ का उद्घाटन होता है, और यदा कदा उससे पहले अध्यक्ष के कमरे के उद्घाटन का नया जुड़ा कार्यक्रम संपन्न होता है। और साल का दूसरा कार्यक्रम वार्षिक सांस्कृतिक समारोह और पुरस्कार वितरण का होता है, अगर हो पाए। प्रायः तो यह नहीं ही होता है। बस यह काम कुल मिलाकर निर्वाचित छात्र संघ करते हैं।

हां, इन चुनावों के बहाने कुछ लोग राजनीतिक दलों के नेताओं के निकट आ जाते हैं, बदले में राजनीतिक दलों को भी भावी या नए मतदाताओं तक पहुंचने का मौका मिल जाता है। जो लोग नेताओं के निकट आते हैं उनमें से कोई–कोई आगे जाकर कुछ बन जाता है और उसी का नाम बार–बार लेकर इन छात्र संघ चुनावों को लोकतंत्र की नर्सरी कहकर संबोधित कर दिया जाता है। अगर पूरे देश की राजनीति को देखें और यह जानने का प्रयास करें कि कुल कितने लोग इन चुनावों से आगे आए हैं, तो जो तस्वीर उभरेगी वह बहुत चमकदार तो नहीं ही होगी। और मान लीजिए कि कुछ लोग इन चुनावों की सीढ़ियां चढ़कर विधान सभाओं या लोकसभा तक पहुंच भी गए तो यह भी देखिए कि इसके लिए हमने कितनी कीमत चुकाई है! शैक्षिक संस्थानों का वातावरण इनकी वजह से कितना प्रदूषित हुआ है, कितनी अशांति वहां फैली है और इन चुनावों के नाम पर हमारे संभावनाशील युवाओं ने कितनी ग़लत बातें सीखी हैं।

असल में कुछ बातें हैं जो कहने–सुनने–पढ़ने में बहुत भली लगती हैं, और इसीलिए उन्हें बार–बार दुहराया जाता है। लेकिन जैसा हमारे मरहूम चचा कह गए हैं:–

**हम को मालूम है जन्नत की हक़ीक़त लेकिन**
**दिल के ख़ुश रखने को ग़ालिब ये ख़याल अच्छा है!**

तो यह मानकर खुश हो लीजिए कि छात्र संघ के चुनाव विद्यार्थियों के लिए, शिक्षण संस्थाओं के लिए और समाज के लिए – सबके लिए बहुत हितकारी हैं!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# मेवाड़ संभाग स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह में पांच सौ से अधिक प्रतिभाएं सम्मानित




सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय विभाग मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

■ **शिक्षा से परिवार ही संस्कारित नहीं होता बल्कि देश का भी विकास होता है : अविनाश गहलोत**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा एवं माली सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में माली समाज का भीलवाड़ा शहर में नगर परिषद् स्थित टाउन हॉल में मेवाड़ संभाग का प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 500 से भी अधिक प्रतिभाओं सहित समाज के कर्मचारियों, भामाशाहों एवं जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवाओं का आईक्यू ही नहीं बढ़ा है, बल्कि वे शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं। अब विद्यार्थियों के 100 में से 100 नंबर आ रहे हैं। उनकी होशियारी भी बढ़ी है और दिमाग भी तेज हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि माली समाज के लोग मेहनती होने के साथ शिक्षा व अन्य क्षेत्र में भी अपने झण्डे गाढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से परिवार ही संस्कारित नहीं होता बल्कि देश का भी विकास होता है। उन्होंने समाज के लोगों से कुरीतियां दूर करने का आव्हान किया और कहा कि अपने समाज की कुरीतियां खुद मिटाएं।

समारोह की अध्यक्षता बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि माण्डल विधायक उदयलाल भडाणा, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, महात्मा फूले राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, मोतीलाल सांखला, माली सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, महासचिव मदनलाल सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील सैनी एवं औंकार माली थे। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने सम्मानित होने वाली सभी प्रतिभाओं को सम्मान के लिए बधाई देते हुए उनसे आग्रह किया कि वो हमेशा शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करें। साथ ही संबोधित करते हुए समाज की तरफ से यह पीड़ा भी उजाकर की कि भीलवाड़ा में माली समाज के लाखों वोटर होने के साथ ही राजनीतिक नियुक्तियों व पार्टियों में प्रतिनिधित्व न के बराबर हैं।

समारोह की शुरूआत महात्मा फूले व सावित्री बाई फूले की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवन के साथ हुई। तत्पश्चात् समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह में समाज के कई होनहार प्रतिभाओं को नकद पुरस्कार भी दिया गया। सम्मान होने वाली प्रतिभाओं में 10वीं कक्षा के 74, 12वीं कक्षा के 124, स्नातक, स्नातकोत्तर की 26 व खेल एवं राजनीतिक नियुक्तियों में चयनित 90 व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में श्रेष्ठ 30 प्रतिभाओं के साथ–साथ 150 से अधिक भामाशाहों व समाजसेवियों का सम्मान किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से उदयलाल माली, सत्यनारायण डाबला, पांचू लाल माली, लादू लाल रागस्या, हरिश गहलोत, शंभूलाल माली, योगेश गहलोत, मुरलीधर सैनी, कन्हैयालाल माली, सम्पत माली, राजू माली, सीता देवी सैनी, नारायण लाल माली शामिल थे। समारोह में भीलवाड़ा जिले सहित चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, अजमेर, पाली सहित आस–पास के जिलों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

# टीबा बसई में खेल मैदान की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर युवाओं व ग्रामीणों में आक्रोश

## गांव के युवाओं ने चंदा एकत्रित कर वर्ष 2017 में जोहड़ को खेल मैदान का रूप दिया था



युवाओं ने खेल मैदान में एकत्रित होकर प्रशासन से मैदान की सीमा ज्ञान करवाने की मांग की।

■ **युवाओं ने खेल मंत्री व तहसीलदार को पत्र भेजकर खेल मैदान की सीमा ज्ञान व खाली जगह में स्कूल भवन बनाने की मांग की**

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के टीबा बसई के खेल मैदान पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। रविवार को युवाओं ने खेल मैदान में एकत्रित होकर प्रशासन से मैदान की सीमा ज्ञान करवाने की मांग की है।

युवाओं ने बताया कि पिला जोहड़ स्कूल के नाम से कटा हुआ खेल मैदान था। गांव के युवाओं ने आमजन से चंदा एकत्रित कर वर्ष 2017 में जोहड़ को खेल मैदान का रूप दिया, जिसके बाद खेल मैदान में युवा सेना की तैयारी तथा खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से टीबा गांव में शहीद श्योराम गुर्जर राजकीय स्कूल की नई बिल्डिंग बनाने की स्वीकृति दी है, जिसका कुछ दिन पहले ही विधायक की ओर से शिलान्यास भी किया गया है।

युवाओं ने बताया कि स्कूल प्रबंधन व ठेकेदार के द्वारा बनाए गए नक्शे में खेल मैदान स्कूल भवन के अंदर आ रहा है तथा मैदान का आधा हिस्सा स्कूल भवन की नई बनने वाली बिल्डिंग में चला जाएगा। खेल मैदान के सामने खाली जगह पड़ी हुई है। इसके बावजूद भी खेल मैदान में स्कूल भवन को बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि प्रशासन युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए मैदान के सामने खाली जगह में स्कूल भवन बनाया जाए तो युवाओं को तैयारी करने के लिए खेल मैदान बच सकता है।

युवाओं ने बताया कि खेल मैदान को लेकर ग्रामीणों की ओर से तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत भी करवाया जा चुका है, लेकिन स्कूल प्रबंधन व ठेकेदार खेल मैदान में भवन बनाने पर अड़े हुए हैं। इस दौरान युवाओं ने खेल मंत्री व तहसीलदार को पत्र भेजकर खेल मैदान की सीमा ज्ञान व खाली जगह में स्कूल भवन बनाने की मांग की है। युवाओं ने बताया कि यदि जल्द ही प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो युवाओं की ओर से खेल मैदान बचाने के लिए आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर रामकिशन, मायाराम, महेंद्र सिंह, बलवान, अंकित, अजीत, राजेंद्र, संदीप, अनूप, आजाद, विक्की, दीपेंद्र, सोनू, मयंक, कुलदीप, विनोद कुमार, प्रदीप, सत्यवीर, शैलेश, सुनील, लोकेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# सांभर का पांच सौ वर्ष पुराना चारभुजानाथ का मंदिर गिरने के कगार पर



सांभर में जीर्णोद्धार के अभाव में चारभुजानाथ का मंदिर गिरने के कगार पर है।


■ **जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदारों ने अपनी चुप्पी साध रखी है**

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर का 500 वर्ष पुराना चारभुजा नाथ का मंदिर गिरने के अंतिम कगार पर है। प्रदेश में मानसून चरम पर है मंदिर की दीवारें लगातार कमजोर हो चली है और कभी भी पूरी तरह से मंदिर गिरकर खंडर में तब्दील हो सकता है, लेकिन तमाम जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार लोगों ने अपनी चुप्पी साध रखी है। यहां के चारभुजा नाथ मंदिर के सामने स्थित सार्वजनिक चौक निर्माण के लिए पूर्व विधायक निर्मल कुमावत की अनुशंषा पर 10 लाख रुपए का बजट निवर्तमान सरकार की ओर से मंजूर किए जाने तथा इसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद भी करीब एक साल से यह मामला अटका पड़ा है।

जिला परिषद जयपुर के अधिशाषी अभियंता के.सी. मीना ने 1 अगस्त 2023 को यहां के लोकल बॉडी को पत्र जारी कर इसकी तकलीना रिपोर्ट मांगवाई गई थी, ताकि बजट की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वर्ष की कालावधि के दौरान प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद भी लापरवाही के चलते यह कार्य अटका पड़ा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने बताया कि मैंने खुद ने कई बार नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी से मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा करवा दिया था और निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी हो चुका है। अब समझ में नहीं आ रहा है इसके बाद भी काम चालू करने में आखिर दिक्कत क्या है। यह बताना जरूरी है कि जिस जगह चौक का निर्माण होना है, उसके ठीक सामने 500 वर्ष पुराना चारभुजा नाथ का प्राचीन मंदिर है जो कुछ माह पहले करीब 30 प्रतिशत ढह गया था और लगातार दरक रहा है।

जानकारी के अनुसार निवर्तमान सरकार की ओर से पर्यटन व पुरातत्व विभाग के माध्यम से यहां के धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए करोड़ों रुपए का बजट जारी किया था, लेकिन इस प्राचीन मंदिर के रखरखाव और जीर्णोद्धार को पूरी तरह से गौण कर दिया गया, जिसका यहां के लोगों ने विरोध किया तो बाद में विधायक निर्मल कुमावत के दबाव में थोड़ा बहुत काम हुआ, लेकिन पुरातत्व विभाग इसमें भी लीपापोती करके चला गया, यानी की वास्तविक रूप में जो काम होना चाहिए था वह हुआ ही नहीं। अब हालात यह है कि यहां के पुजारी राजेंद्र व्यास अब सुबह शाम मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए जाते हैं तो सबसे पहले भगवान से दुआ करते हैं कि वह सुरक्षित वापस बाहर आ जाए। पालिका ने अपने स्तर पर इस मंदिर को लेकर कुछ ऐसा काम नहीं किया जो सराहनीय रहा हो।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 12 अगस्त, 2024**

सावन मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, स्वाती नक्षत्र प्रातः 8:33 तक, शुक्ल योग सांय 4:25 तक, वणिज करण प्रातः 7:56 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 4:15 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–तुला, मंगल–वृष, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज यमघट योग प्रातः 8:32 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रातः 7:56 से रात्रि 8:44 तक रहेगी। आज सप्तमी तिथि में वृद्धि हुई है। आज दुर्वाष्टमी व्रत और चतुर्थ सावन वन सोमवार व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 7:38 तक, शुभ 9:16 से 10:54 तक, चर 2:10 से 3:47 तक, लाभ–अमृत 3:47 से सूर्यास्त तक।

**राहुकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:01, सूर्यास्त 7:03

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी और परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## सार-समाचार

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**चूरू, (कासं.)।** जिला मुख्यालय पर स्थित जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान में शिक्षाविद अब्दुल सत्तार अंसारी और शायर इदरीश खत्री 'राज' के मुख्य आतिथ्य में अमन ट्रस्ट की ओर से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अब्दुल सत्तार अंसारी ने कहा कि हमें पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। शायर इदरीश खत्री 'राज' ने कहा कि पेड़ धरती का श्रंगार हैं, इनसे हमें प्राण वायु के साथ-साथ बहुत-सी दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तएं मिलती हैं। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। अमन ट्रस्ट के अध्यक्ष उस्मान अंसारी ने कहा कि आज पेड़ों के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। सददाम हुसैन ने कहा कि पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या विकट हो गई है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि धरती पर हरियाली बनी रहे। मेहराज बुरड़क ने कहा कि पेड़ लगाना पुण्य का कार्य है। वसीम चौहान ने पेड़ों को धरती का श्रंगार बताया। मोहम्मद रफ़ीक़ ने पौधारोपण के लिए आमजन को प्रेरित किया। इस अवसर पर रतन लाल शर्मा, देवेंद्र सिंह शेखावत, रमीज राजा, सुमेसता, आरिफ खान, नीलम, सुभाष सैनी, जावेद खान, इमरान खान, तब्बसुम बानो, मुकेश डाबी आदि उपस्तिथ थे।

### भारत के नक्शे को तिरंगे से सजाया

**सीकर, (निसं)।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी सीकर के निर्देशानुसार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा सीकर के मार्गदर्शन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में देव विद्यालय सीकर के खेल मैदान पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ सीकर, शिवसिंहपुरा, धोद ,रींगस, लक्ष्मणगढ़, नीमकाथाना के स्काउट गाइड रोवर, रेंजर्स व स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट सीकर, किशन लाल सियाक, महेंद्र कुमार पारीक , मुकेश भूकर के नेतृत्व में 200 से अधिक स्काउट गाइड सदस्यों ने भारत के नक्शे की आकृति बनाकर उसे सभी सदस्यों ने तिरंगे से सजाया।

### मनु चौधरी ने जीते 2 गोल्ड

**सीकर, (निसं)।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के खिलाडियों ने नेपाल में आयोजित इंडो नेपाल यूथ स्केटिंग गेम्स इंटरनेशनल स्केटिंग चैम्पियनशिप में 2 गोल्ड मैडल हासिल किये। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि नेपाल में चल रही इंडो नेपाल यूथ स्केटिंग अंडर 17 चैम्पियनशिप में संस्थान के छात्र जयप्रकाश गोसाईवाल व मनु चौधरी ने भारत की तरफ से खेलते हुए 2 गोल्ड मैडल हासिल किये। जो संस्थान के लिए बहुत ही गर्व की बात है। दोनो ही छात्रों ने संस्थान के खेल मैदान पर नियमित अभ्यास एवं कोच व प्रबंधन की सहायता से इस मुकाम को हासिल किया है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी, आरबीएसई प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह सहित प्रबंधन सदस्यों ने विजेता खिलाडियों को बधाई प्रेषित की।

### तिरंगा मेला आज

**चूरू, (कासं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार चल रहे हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में तिरंगा मेला आयोजित होगा। यहां उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि मेला अंतर्गत जिला स्तरीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार सवेरे 11.15 बजे होगा। जिला प्रमुख वंदना आर्य की अध्यक्षता में होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण होंगे।

# शहीद सूबेदार राजेंद्र प्रसाद भांबू की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम

## शहीद परिवारों के साथ हर सुख-दुख में खड़े रहे ग्रामीण : खर्रा

**झुंझुनूं, (निसं)।** अलीपुर पंचायत के मालीगांव में रविवार को शहीद सूबेदार राजेंद्र प्रसाद भाम्बू की मूर्ति का अनावरण किया गया। आज से ठीक दो साल पहले जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के परगल में भारतीय सेना की पोस्ट पर आतंकियों के आत्मघाती हमले में सूबेदार राजेंद्रप्रसाद भाम्बू ने अपनी जान की बाजी लगाकर 40 जवानों की जिंदगी को बचाया था। वहीं चार गोली लगने के बाद भी आतंकियों से लोहा लेते रहे। लेकिन पांचवीं गोली जब गले में लगी तो वे शहीद हुए थे। आज यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में सूबेदार राजेंद्रप्रसाद भाम्बू की मूर्ति का अनावरण किया गया। मंच पर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा नेता राजेन्द्र भाम्बू, विश्वंभर पूनियां तथा मेजर जनरल एसएस कटेवा समेत अन्य मौजूद थे। इस मौके पर शहीद वीरांगना समेत शहीद परिवार का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में बोलते हुए यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि सूबेदार राजेन्द्रप्रसाद भाम्बू इस अलीपुर पंचायत के पांचवें तथा मालीगांव के तीसरे शहीद है। उनकी शहादत और शौर्यता की गाथा आने वाली पीढियों को प्रेरणा देगी। उन्होंने सभी लोगों से आव्हान किया कि हमारे जवान 24 घंटे सीमा पर तैनात होकर जान हथेली पर रखकर मातृभूमि की रखवाली करते है। अपने सर्वस्व अर्पण का मादा रखते है। इसलिए हमें भी चाहिए कि हम उनके और उनके परिवारजन के प्रति श्रद्धा और सहयोग का भाव रखे। उनके सुख-दुख में हमें कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करना चाहिए। ताकि जवानों को इससे ताकत मिले और उनके सेवा करने की क्षमता बढ सके।

- यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में अनावरण, सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर व पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया समेत अन्य रहे मौजूद


शहीद सूबेदार राजेंद्र प्रसाद भाम्बू की मूर्ति का अनावरण किया गया।

किसी भी शहीद परिवार और सैनिक परिवार को किसी प्रकार की कमी महसूस ना होने दें। इधर, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि सूबेदार राजेंद्रप्रसाद भाम्बू उनके पारिवारिक सदस्य थे।

### युवा कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन आज

**चूरू, (कासं.)।** चूरू जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्ट्रेट के आगे युवा कांग्रेस की ओर से सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया जावेगा। चूरू के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के सानिध्य में पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, अपराध, बैरोजगारी, अतिवृष्टि, किसानों सहित विभिन्न मुद्दों के सम्बन्ध में जिला कलेक्ट्रेट चूरू के आगे एक दिवसीय सांकेतिक धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर चूरू को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

## भाजपा नेता ने बांटे तिरंगे

**पाटन, (निसं)।** पीएम मोदी के नेतृत्व मे चलाये गए 9अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह तंवर भूदोली ने नीमकाथाना स्थित कार्यालय मे सैकड़ों तिरंगे झण्डे वितरित किए। तिरंगा झण्डा लेते समय लोगों ने जोश के साथ भारत माता की जय , वीर शहीदों की जय ,वन्दे मातरम के जयकारे लगाए। भाजपा नेता तंवर ने कहा कि लाखों वीरो के त्याग और बलिदान के बाद ही हमे आजादी मिली है, हम मरते दम तक उन वीर शहीदों के ऋणी रहेगें।हर भारतवासी के मन मे पहले देश फिर शेष की भावना होनी चाहिए। भूदोली ने बताया कि

भारत के राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर की पट्टी केसरिया रंग की है, जो देश की ताकत और साहस को दर्शाती है। बीच की सफ़ेद पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य को दर्शाती है। आखिरी पट्टी हरे रंग की है जो भूमि की उर्वरता, वृद्धि और शुभता को दर्शाती है। तिरंगे के बीच मे जो चक्र बना है वो धर्म चक्र है जिसे तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्य सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए सारनाथ सिंह स्तंभ में "कानून के चक्र" को दर्शाता है।चक्र का उद्देश्य यह दिखाता है कि गति में जीवन है और ठहराव में मृत्यु है।भूदोली ने सभी क्षेत्रवासियों से आजादी पर्व पर हर घर तिरंगा फहराने की अपील की।

## सार-समाचार

### मैराथन तिरंगा रन का आयोजन




**झुंझुनूं, (निसं)।** आजादी के महापर्व को विशेष बनाने को लेकर आयोजित हो रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को झुंझुनूं में जिला प्रशासन की ओर से तिरंगा रन का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ तिरंगा रन स्वर्ण जयंती स्टेडियम से शुरू होकर शहीद जेपी जानूं स्कूल तक आयोजित की गई। स्वर्ण जयंती स्टेडियम में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एसपी राजर्षि राज वर्मा, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, नगर परिषद आयुक्त अनिता खीचड़ ने तिरंगा रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा रन में बड़ी संख्या में जिला प्रशासन आमजन और युवाओं ने भाग लिया। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने तिरंगा रन से पूर्व सभी को हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि तिरंगा रन में ढाई हजार से अधिक स्टूडेंट्स के साथ आमजन और प्रशासन के कार्मिकों ने भाग लिया। जिलेभर में लगातार हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी क्रम में सोमवार को शिक्षा विभाग और सैनिक कल्याण विभाग द्वारा शहीदों के घर जाकर उनका सम्मान करते हुए तिरंगा मार्च का आयोजन किया जाएगा।

### बैठक आयोजित

**रतनगढ़, (निसं)।** नागरिक परिषद् जयपुर की कार्यकारिणी की बैठक वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी की अध्यक्षता में वैशाली नगर के कामारैडरी लाउंज में आयोजित की गई। परिषद् के संरक्षक गोपाल मेहरोत्रा की ओर से सरकना शक्ति मंदिर के प्रांगण में ठंडे पानी की मशीन का लोकार्पण 2 सितंबर को करने का निर्णय लिया गया। रतनगढ़ की नयी नंदीशाला के संचालन में सहयोग करने और परिषद् पंजीकरण व बैंक खाते संबंधी निर्णय लिए गए। परिषद् के सदस्यों के परिवार जनों का श्रावण महोत्सव मनाने की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई जिसमें रतनगढ़ की जयपुर निवासी प्रतिभाओं का सम्मान करने का निर्णय किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष सांवरमल जांगिड़, महामंत्री राजेश कंदोई, कोषाध्यक्ष कमल मुरारका, संयोजक मनीष रिणवा, प्रचार मंत्री गोपाल भारती, सहमंत्री देवव्रत चतुर्वेदी, अभिषेक जांगिड़ व विष्णु पुरोहित उपस्थित थे।

### भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**सीकर, (निसं)।** यहां पुरोहित जी की ढाणी पटेल नगर में टंकी के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा मैं रविवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया जहां व्यास पीठ से श्री राधाचरण महाराज जोधपुर वालों ने कृष्ण जन्म महोत्सव के दौरान भक्तों को श्री कृष्ण जन्म का महत्व बताया इस अवसर पर श्री श्याम बाबा भजन समिति के संयोजक सचिव श्याम भक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी समिति की उपाध्यक्ष अनीता शर्मा रतन शुक्ला गिरधारी सैनी मनोहर सैनी सत्यनारायण गिरावड़ी वाले अर्जुन सैनी विनोद सोनी सविता शुक्ला मंजू शर्मा मुन्नी शर्मा विमला शर्मा रेनू शर्मा बबीता शर्मा अनूप कंवर मंजू कंवर रेखा कंवर दीपा कंवर रिंकू कंवर सुमन कंवर जय श्री राठौर सत्यभामा राधिका सहित धर्म प्रेमी मौजूद रहे जन्म महोत्सव के दौरान महाराज श्री ने मिठाई बाटी व धर्म प्रेमियों ने खुशी से नाच गाकर भगवान को बधाई दी

### 1100 पेड़ पौधे लगाये

**रतनगढ़, (निसं)।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान हरियालो राजस्थान एक पेड मां के नाम अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर ग्राम पंचायत नोसरिया द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ! पंचायत की रा उ मा वि में प्रधानाचार्य मंजू कुलहरि, रा उ प्रा संस्कृत वि संस्था प्रधान पंकज पीपलवा, रा उ प्रा वि गोपालपुरिया संस्था प्रधान मोहन लाल के निर्देशन में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर सार-संभाल की ज़िम्मेदारी दी ! इस अवसर पर सरपंच संतोष कंवर ने छात्रों को वर्तमान में वृक्षों की आवश्यकता के बारें में बताते हुए कहा कि वृक्ष का पालन पुत्रवत करना चाहिए। ग्राम विकास अधिकारी परमेश्वर सिंह ने बताया कि पंचायत की विद्यालयों सहित अनेक स्थानों पर लगभग 1100 पौधे लगाकर उनके सार-संभाल की जिम्मेदारी दी ।

### 14 को निशुल्क जांच शिविर

**झुंझुनूं, (निसं)।** ढूकिया हॉस्पिटल में 14 अगस्त बुधवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक निशुल्क पीएसए जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. उमरावसिंह कुलहरि ने बताया कि जिनकी उम्र 50 साल से अधिक है या बार-बार पेशान आने की समस्या, एक बार में पेशान पूरा ना आना, पेशाब को रोक न पाना, पेशाब शुरू करने में समय लगना आदि समस्याओं से जूझ रहे हो तो कैंप में निशुल्क प्रोस्टेट की जांच करवाएं। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को निशुल्क है। जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिससे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ढूकिया हॉस्पिटल में पथरी के ऑपरेशन लेजर मशीन से मा योजना चिरंजीवी, ईसीएचएस, आरजीएचएस में कैशलेस किए जाते है।

## भोपालगढ़ किले पर गेट के विरोध में बैठक हुई

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे के ऐतिहासिक भोपालगढ़किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने का गतिरोध लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से 15 से अधिक लोगों पर थाने में धमकी देने व गाली गलौच करने का मामला दर्ज करवाया गया है, वहीं दूसरी ओर रविवार को ग्रामीणों की ओर से तुलस्यान धर्मशाला में बैठक का आयोजन कर दर्ज करवाया गया मुकदमा वापस लेने की मांग की गई है। यदि जल्द मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो खेतड़ी बाजार बंद कर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।बैठक में हरिओम सिंह उसरिया ने कहा कि भोपालगढ़किले का निर्माण तत्कालीन राजपरिवार की ओर से करवाया गया था। किले में मंदिर व अन्य धार्मिक स्थल भी बने हुए है, जहां क्षेत्र के लोग अपनी आस्था से पुजा अर्चना करते हैं। ट्रस्ट की ओर से भोपालगढ़किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाकर लोगों के आवागमन पर पाबंदी लगाने का काम किया जा रहा है। किले के मुख्य द्वार पर गेट नहीं लगाने को लेकर ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर ग्रामीणों की मांग का समाधान करने की मांग की थी। इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई। जिसके चलते कुछ दिन पहले ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों का विवाद हो गया था। जिसके बाद ट्रस्ट के ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से थाने में रिपोर्ट देकर 15 से अधिक लोगों पर गाली गलौज करने व फर्जी केस में फंसाने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया गया था। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा बैठक का आयोजन कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

- ट्रस्ट द्वारा दर्ज करवाया मुकदमा वापस नहीं लिया तो होगा आंदोलन

## तिरंगा यात्रा में कई लोग बाइक सवार बिना हेलमेट के शामिल हुए

**चूरू, (कासं.)।** राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर रविवार को आयोजित तिरंगा रैली में कई बुद्धिजीवी बाइक सवार बिना हेलमेट के ही शामिल हुए। इस कारण से पुलिस के उच्च अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से हास्य का पात्र बनना पड़ा।

यहां जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं शहरवासियों ने अपने वाहनों के साथ रैली में शिरकत की। इन सबकी मौजूदगी में बिना हेलमेट के बाइक सवारों ने रैली में शामिल होकर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ा दी। इस दौरान बिना हेलमेट वालों और यातायात पुलिस की खूब चर्चा रही। लोगों ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों की आंखों के सामने यातायात के नियमों का उल्लंघन होना बहुत ही दुःखद बात है। सरकार ने ऐसा कोई निर्देश या आदेश भी नहीं दिया है कि बिना हेलमेट वालों को भी रैली में शामिल किया जावे। हालांकि इस दौरान विधिवत रूप से तिरंगा लहरा रहे लोगों का आजादी के लिए जज्बा और देशप्रेम देखते ही बन रहा था। भारत माता की जय के नारों के साथ कलक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई तिरंगा रैली सानिवि डाक बंगला, पुराना बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन, शास्त्री मार्केट, धर्मस्तूप होते हुए वापस कलक्ट्रेट पहुंची। शहर के लोगों ने जगह-जगह तिरंगा रैली पर पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत करते हुए अपने जज्बे का इजहार किया।

इस मौके पर जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि चूरू वह जिला है जिसने आजादी के संघर्ष में अपना योगदान दिया और आजादी से पहले ही आजादी के दीवानों ने यहां धर्मस्तूप पर 26 जनवरी 1930 को तिरंगा फहराया। ऐसी देशभक्ति से जुड़ी जगह के लोगों में देशप्रेम का यह ज्वार स्वाभाविक ही है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में और अधिक उत्साह के साथ भागीदारी करें और प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान में शामिल हो। रैली में एडिशनल एसपी लोकेंद्र दादरवाल, एसीईओ दुर्गा देवी ढाका, सीडीईओ जगवीर यादव, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, शिव कुमार शर्मा, बिजेंद्र दाधीच, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, एडीपीआर कुमार अजय, सहायक निदेशक डॉ निरंजन चिरानियां, सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

### शिविर में 221 रोगी लाभान्वित हुए

**चूरू, (कासं.)।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसियेशन एवं विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवरसा मेमोरियल ट्रस्ट चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में आयोजित चिकित्सा शिविर में 221 रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर ब्रम्हलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ महाराज की 39वीं पुण्यतिथि महोत्सव बरसोदी पर पीठाधीश्वर संत बैजनाथ महाराज के सानिध्य में शिविर सम्पन्न हुआ। प्रारम्भ में आश्रम के प्रकाशनाथ महाराज ने श्रद्धानाथ जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बीएल गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी.दास, डॉ. हर्षवर्द्धन शेखावत, विजय कुमार गोस्वामी एवं उनकी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## झुंझुनूं दौरे पर आए पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया का स्वागत

**झुंझुनूं, (निसं)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को लेकर विपक्ष द्वारा लगातार की जा रही टिप्पणियों को लेकर अब पूर्व केंद्रीय मंत्री लालचंद कटारिया ने विपक्ष पर हमला बोला है। झुंझुनूं दौरे पर आए पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा है कि झुंझुनूं जैसी वीरभूमि से निकलकर जगदीप धनखड़ अपनी काबिलियत के दम पर उप राष्ट्रपति जैसे पद पर पहुंचे है। इसलिए कुछ लोगों को उनसे पीड़ा है। विपक्ष जिस तरह के शब्दों का उपयोग उप राष्ट्रपति के लिए कर रहा है। वो निंदनीय है। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को सम्मान देना सभी का दायित्व है। लेकिन विपक्ष सिर्फ षड्यंत्र रचकर उप राष्ट्रपति जैसे पद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है। जिसे सही नहीं कहा जा सकता। उन्होंने प्रदेश में प्रस्तावित छह उप चुनावों को लेकर कहा कि छह की छह सीटों पर भाजपा मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और जीत हासिल करेगी। इधर, बजट को लेकर भी कटारिया ने कहा है कि भजनलाल शर्मा सरकार का पहला बजट आया। जो काबिले तारिफ है। राजस्थान को आगे ले जाने वाला बजट है। हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। खासकर खेती और किसान का ध्यान रखा गया। भजनलाल शर्मा संगठन से निकलकर आए हुए व्यक्ति है। जो ग्रामीण परिवेश से भी है। उन्हें सब पता है कि गांव के आदमी को क्या चाहिए। खेत और किसान को क्या चाहिए। प्रदेश की क्या समस्या है। सभी को ध्यान में रखकर सभी को साथ लेकर यह बजट पेश किया गया है। जो राजस्थान को आगे ले जाएगा। इससे पहले झुंझुनूं के अग्रसेन सर्किल पर भाजपा नेता राजेंद्र भांबू के कार्यालय में भाजपा नेता राजेंद्र भांबू के नेतृत्व में कटारिया का स्वागत किया गया। इस मौके पर सचिन भांबू, पार्षद प्रमोद बुडानिया, पार्षद अशोक प्रजापति, बजरंग दल के जिला संयोजक रवि गुप्ता, मुकेश पातुसरी, रघुवीर डूडी, रोहन सैनी, संदीप योगा आदि मौजूद थे। इस मौके पर भांबू के साथ पूर्व मंत्री ने उप चुनावों को लेकर राजनैतिक मंत्रणा भी की।


- उप राष्ट्रपति को लेकर विपक्ष की टिप्पणियों को बताया गरिमा को ठेस पहुंचाने का षड्यंत्र


पूर्व केंद्रीय मंत्री लालचंद कटारिया का स्वागत किया गाया।

### पापटान बने संस्थान के जिलाध्यक्ष

**चूरू, (कासं.)।** सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान जिला चूरू का द्वि-वार्षिक चुनाव रविवार को निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट धन्नाराम सैनी व सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम सुन्दर सैनी के निर्देशन में पापटाणों का मोहल्ला स्थित सैनी हनुमान मंदिर में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विनोद कुमार पापटाण को जिलाध्यक्ष, गौरीशंकर खडोलिया को जिला महासचिव व श्योकरण जमालपुरिया को सर्वसम्मति से निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस दौरान निर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित समाज बंधुओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के प्रति आभार व्यक्त किया व संगठन और समाज को आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर कन्हैयालाल, च्यानणमल राकसिया, चंद्र मोहन तंवर, ओमप्रकाश टाक, चिरंजीलाल पापटान, रामावतार सिंगोदिया, सुरेश पंवार, नारायण प्रसाद गौड़, सत्यनारायण भाटी, नौरंग सैनी, गणेशाराम तंवर, जयंत पड़िहार, भंवरलाल गौड़, सांवरमल गौड़, सांवरमल बालाण, सोहनलाल कड़वासर, महावीर प्रसाद गहलोत, हुल्लासचंद कम्मा, राजकुमार सैनी, सुरेंद्र दहिया, सत्यनारायण सैनी, मुकेश पंवार, रमेश कम्मा, परमेश्वर लाल तंवर, विजेंद्र भाटी, सत्यनारायण भाटी, शंकर लाल दहिया, पवन तंवर, नंदलाल भैराराम सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। निवर्तमान जिलाध्यक्ष शंकरलाल बालाण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संत निरंकारी मंडल ने पौधरोपण किया


संत निरंकारी मंडल की ओर से वनेनेस वन अभियान के अंर्तगत रविवार को राजगढ़ रोड़ स्थित निरंकारी सत्संग भवन में भव्य पौधरोपण किया गया।

**चूरू, (कासं.)।** संत निरंकारी मंडल की ओर से वनेनेस वन अभियान के अंर्तगत रविवार को राजगढ़ रोड़ स्थित निरंकारी सत्संग भवन में भव्य पौधरोपण किया गया। जोनल इंचार्ज शिव भगवान बजाज ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से निरंकारी मिशन द्वारा वनेनेस वन अभियान के तहत पूरे भारत में लाखों पौधे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यहां सत्संग भवन में आज बड़ी संख्या में उपस्थित महात्माओं ने उत्साह पूर्वक पौधरोपण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बजाज ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का अहम अंग है। पौधों के बिना व्यक्ति का जीना दुर्लभ है।

उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपिल की। इस अवसर पर चूरू के अतिरिक्त निकटवर्ती कस्बे बिसाऊ, रतननगर व रामगढ़ के संत निरंकारी मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित महात्माओं ने आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन भी किया।

### शहीद वीरांगना का किया सम्मान

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला प्रशासन के निर्देश की अनुपालना में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं एवं शिक्षा विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया सिंह के नेतृत्व में शहीद इंद्रसिंह सैनी के घर पहुंच कर स्काउट गाइड एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने शहीद इंद्रसिंह सैनी की वीरांगना पत्नी शारदादेवी का शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। साथ ही शहीद की माताजी चावलीदेवी का भी स्वागत अभिनंदन किया गया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसुईया सिंह ने कहा कि देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद हमारे आदर्श हैं, इनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं महेंद्र सिंह जाखड़, अतिरिक्त सहायक निदेशक अशोक जांगिड़, सीओ गाइड सुभिता महला एवं सीओ स्काउट महेश कालावत ने शहीद इंद्र सिंह सैनी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीद पुत्र राकेश कुमार, दिलीप कुमार, शहीद के बड़े भाई राजकुमार सैनी, शहीद की पुत्रवधू प्रियंका सैनी, प्रेम सैनी, स्काउट मास्टर रामदेव सिंह गढ़वाल, रामकिशन सैनी, रामचंद्र मीणा, राजेश कुमार हरिपुरा, विजय गर्वा, मोतीलाल सैनी, जगदीश बुडानिया सहित शहीद इंद्र सिंह सैनी का परिवार मौजूद रहा।

# मूसलाधार बारिश से प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात

**राजस्थान के भरतपुर, जयपुर, अलवर, करौली, गंगापुरसिटी, हिण्डौन, चौमूं सहित कई शहरों व गांवों में तेज बरसात हुई**

## पांचना बांध के छह गेट खोलकर गम्भीर नदी में 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

**भरतपुर,** (निसं)। अधिक वर्षा के कारण करौली जिले से निकलने वाली गम्भीर नदी में पांचना बांध से छह गेट खोलकर 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके चलते जिले के बयाना एवं रूपवास तहसील के गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्र में बसे गांवों के नागरिकों को इस दौरान नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाने की अपील की गई है।

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित यादव ने बताया कि गम्भीर नदी में पांचना बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे गांवों के नागरिकों को सावचेत रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सम्बंधित गांवों में स्थानीय पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों को सूचित कर पानी के तेज बहाव को देखते हुए नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाने के लिए पाबंद किया है। उन्होंने बताया कि लगातार वर्षा की चेतावनी को देखते हुए नदी के तटीय क्षेत्र के सभी गांवों को अपने पशुधन को भी नदी के आसपास नहीं छोड़ने की अपील की है। उन्होंने आमजन को नदी के बहाव क्षेत्र में पानी की आवक को देखते हुए संसाधनों को बहाव क्षेत्र से



पांचना बांध से पानी छोड़ने से गम्भीर नदी में पानी की आवक हुई।

हटाने, महिलाओं, बच्चों को इस दौरान नदी के आसपास नहीं जाने देने के लिए आह्वान किया है। जिला कलेक्टर ने लगातार बरसात की

- **बयाना एवं रूपवास तहसील के गम्भीर नदी के तटीय क्षेत्र में बसे गांवों के नागरिकों को नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाने की अपील**
- **एसडीआरएफ की टीम, जल संसाधन विभाग, पंचायतीराज विभाग, चिकित्सा विभाग एवं उपखण्ड प्रशासन रूपवास एवं बयाना को मय आवश्यक संसाधनों के अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश**

चेतावनी एवं गम्भीर नदी में पांचना बांध से पानी छोड़े जाने को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम, जल संसाधन विभाग, पंचायतीराज विभाग, चिकित्सा विभाग एवं उपखण्ड प्रशासन रूपवास एवं बयाना को मय आवश्यक संसाधनों के अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

अधीक्षण अभियंता जल संसाधन देवीसिंह बेनीवाल ने बताया कि गम्भीर नदी में पानी की अधिक आवक होने पर तहसील बयाना के चीखरू, पीपरिया, धुरेरी, मावली, महरावर, नहरौली, चक बीछी, सिंघाडा, शीदपुर, नदी का गांव प्रभावित होंगे तथा तहसील रूपवास में दाहिना गांव, महलपुर काछी, मुर्रिका, कांधौली, दौलतगढ़, सिकरौदा, पिचूना, रसीलपुर, मिल्सवां, देवरी, पांड्री, मैरथा गांव प्रभावित होंगे।

अधीक्षण अभियंता जल संसाधन देवीसिंह बेनीवाल ने बताया कि अजान बांध के पास बसे हुए गांव सैदपुरा, हरिनगर, नगला कल्यानपुर, अघापुर, अजान इत्यादि में भी आमजन को सतर्क रहने हेतु स्थानीय कार्मिकों के माध्यम से मुनादी करा दी गई है। उन्होंने बताया कि नदी, कैनाल के बहाव में निर्मित रपट-नदीगांव-सालाबाद रोड पर नदीगांव के पास स्थित, चौखण्डा लहचोरा मार्ग, सेवला, सीदपुर-बयाना मार्ग, बयाना थानाडांग रोड (गऊ घाट), ईटखेड़ा-चीखरू मार्ग पर आमजन एवं स्कूली बच्चों को नदी पार नहीं करने के लिए आगाह किया गया है।

## भरतपुर में तीन इंच बारिश दर्ज, घरों में दो फीट तक पानी भरा



भरतपुर में भारी बारिश से दर्जनों कॉलोनियों में पानी भर गया।

**भरतपुर,** (निसं)। पिछले तीन दिनों से बरसात का दौर जारी है। बरसात के चलते जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बताया गया है कि रविवार को करीब तीन इंच बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश की संभावना को देखते हुए जिला कलेक्टर ने कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के समस्त राजकीय व निजी स्कूलों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है।

शहर की दर्जनों कॉलोनियां जलभराव की समस्या से जूझ रही हैं। कई कॉलोनियों में बरसात के चलते जलभराव के कारण बरसात का पानी घरों में दो-दो फीट तक घुस गया। नगर निगम के आयुक्त के निर्देश पर कई कॉलोनियों में पम्प लगाकर पानी निकालने की कवायद की जा रही है। बरसात से शहर के निचले क्षेत्रों में सूरजमल नगर, श्याम नगर, राम नगर, रूंधिया नगर, वासन गेट नमक कटरा, सुभाष नगर, विजय नगर, नीमदा गेट, अटल बंद, सिमको लेवर कॉलोनी व शहर के बाजार में सभी जगह पानी से सड़कें नदी के समान नजर आ रही हैं। जिन घरों में जमीन से पानी निकला उन घरों में खाना बनाने तक की जगह नहीं बची। बच्चे भयभीत हो गये। बच्चों की किताबें पानी से भीग गई। अधिकांश घरों में पानी को निकालने के लिए टिल्लू व मोटर्स से निकाल रहे थे। वहीं नगर निगम आयुक्त व सीएसआई ने मौका मुआयना किया।

## बारिश के बाद मकान ढहा, पिता-पुत्र की मौत

**करौली,** (निसं)। करौली क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के कारण करौली शहर में करीब आधा दर्जन मकान, दुकान,भवन और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। मकान के ढहने से पिता-पुत्र की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृतकों के शव कर पोस्टमार्टम परिजनो के सुपुर्द कर दिया। सूचना पर सिविल डिफेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी और क्षतिग्रस्त घर में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।


करौली शहर चौकी प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि नदी दरवाजा क्षेत्र स्थित फराजपाड़ा में सुबह करीब 5:30 बजे एक पुराने मकान में बनी नाली दीवार सहित दूसरे मकान पर गिर गई, जिससे घर की छत की पट्टियां टूट गई और वहां सो रहे लोग दब गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और घर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस दौरान पुलिस चौकी पर भी सूचना दी। घायल लोगों को करौली अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद जाकिर पुत्र छोटे और जिया पुत्र जाकिर को मृत घोषित कर दिया, जबकि राशिद पुत्र सईद और शौकीन का करौली अस्पताल में उपचार चल रहा है। बारिश के कारण इसी प्रकार बड़ी हटरिया क्षेत्र स्थित भट्टन की गली में एक दीवार गली के दूसरी ओर स्थित निजी स्कूलों पर जा गिरी। जिससे स्कूल भी क्षतिग्रस्त हो गया और रास्ता अवरुद्ध हो गया। छुट्टी का दिन होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। इसी प्रकार चीकना फर्श क्षेत्र में अनुपयोगी पड़ी नंबर 6 स्कूल का भवन क्षतिग्रस्त हो गया। चौबेपाड़ा के नीचे एक मकान क्षीतग्रस्त हो गया घर क्षतिग्रस्त होने से मलबे में दो-तीन मोटरसाइकिल भी दब गई। इसी प्रकार चौधरी पाड़ा क्षेत्र में एक दुकान की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## अलवर में लगातार हो रही बारिश ने 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**विश्व प्रसिद्ध सिलीसेढ बांध में 25 फीट पानी आ चुका है, इस बांध की भराव क्षमता 28 फीट है**

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले में लगातार हो रही बारिश ने करीब 20 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है जिले में चारों तरफ नदी-नालों में उफान है। सरिस्का क्षेत्र व अरावली की पहाड़ियों पर हुई भारी बरसात ने अलवर जिले की इस मानसून की भरपाई कर दी है। प्रशासन व पुलिस अलर्ट मोड पर आ चुके हैं। लोगों को जल बहाव क्षेत्र पर जाने से पुलिस रोक रही है ताकि कोई अनहोनी ना हो जाए। अभी अलवर को मौसम विभाग ने यलो अलर्ट घोषित किया हुआ है। अगले तीन-दिन और भारी बारिश के संकेत दिए गए हैं। अगर ऐसी ही बारिश हो गई तो अलवर में तबाही भी आ सकती है।

अलवर के बांध और तालाब पिछले कई सालों से सूखे पड़े थे। थोड़ी मात्रा में सिलीसेढ में पानी मौजूद रहा। ऐसे में पेयजल के सभी श्रोत सूख चुके थे जिसका नतीजा हर साल पानी के



बरसात होने से अलवर के बांधों में पानी की आवक हुई।

लिए जनता हाहाकार करती थी। अब इतना पानी तालाबों और बांधों में आ चुका है जिससे अलवर की जनता को आगामी पांच साल पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अलवर की वो नदियां इस बार कलकलाती बह

- **भारी बारिश से अलवर में नदी-नालों में उफान आया, दो बांध ओवरफ्लो हुये**
- **अलवर में यलो अलर्ट के चलते पुलिस व प्रशासन ने अनहोनी के डर से नदी-नालों पर सैलानियों को जाने से रोका**

निकली जिनमें बीस सालों से कभी पानी आया तक नहीं, वहीं पूर्व कलेक्टर जितेन्द्र सोनी और सिंचाई विभाग के एक्सईएन संजय खत्री की पहल पर जयसाबंध झील पर किए अतिक्रमण को हटाने से इस बांध में इस बार पानी की अच्छी आवक हो रही है। अब तक इस बांध में साढे आठ फीट पानी आ चुका है, इसकी भराव क्षमता 23 फीट है। वहीं विश्व प्रसिद्ध सिलीसेढ बांध में 25 फीट पानी आ चुका है। इस बांध की भराव क्षमता 28 फीट है। सिंचाई विभाग के एक्सईएन संजय खत्री ने बताया कि अगर ऐसे ही बारिश हुई तो जल्दी ही सिलीसेढ में काफी सालों बाद चादर चल सकती है।

जबकि जिले में दो बांध जेतपुर और मानसरोवर ओवर फ्लों हो चुके हैं। जबकि रूपारेल नदी में पानी का बहाव सात से आठ फीट चल रहा है। शाम पांच बजे तक सिलीसेढ में 44एमएम बारिश दर्ज की गई। रविवार के दिन छुट्टी का आनंद लेने लोग पिकनिक मनाने सिलीसेढ, जयसाबंध, सागर और किशनकुण्ड पर भारी संख्या में देखे गए। वहीं भारी बरसात के चलते पुलिस प्रशासन ने लोगों बहाव क्षेत्रा पर जाने से रोक लिया।

## करौली में लोगों ने छतों पर जाकर जान बचाई

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर लगातार दूसरे दिन मूसलाधार बारिश का कहर जारी रहा। इस दौरान शहर कि करीब एक दर्जन गली, मोहल्ले और कॉलोनियों में जल भराव हो गया। इस दौरान करीब तीन दर्जन लोगों को सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। प्रात: चार बजे शुरू हुआ बारिश का दौर दोपहर लगभग बारह बजे तक जारी रहा।

झमाझम बारिश के चलते करौली के रणगमा तालाब, इमली वाला ताल और बड़ वाले तालाब भी ओवरफ्लो होकर बहने लगे। ओवरफ्लो का पानी करौली शहर के मंडरायल रोड स्थित पुलिया के पास कई कॉलोनियों के घरों में घुस गया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने घरों छत पर पहुंच कर अपनी जान बचाने के लिए



तीन दर्जन लोगों को सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

मजबूर होना पड़ा।सूचना पर सिविल डिफेंस और स्थानीय लोगों ने रामद्वारा क्षेत्र, बग्गी खाना,पावर हाउस, वीर हनुमान क्षेत्र से रेस्क्यू का सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा। इसी प्रकार तीन दरवाजा क्षेत्र स्थित आलोक शर्मा अपने परिवार के साथ

- **करौली में बारिश का कहर जारी**

जल भराव के चलते पाटौरपोश घर की छत पर फंस गए। करीब 3 घंटे बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्ययूब और रस्सी की मदद से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची और परिवार को सुरक्षित पहुंचाया।

कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, एएसपी शंकर लाल मीणा सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने भी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर घटनाक्रम की जानकारी ली है। जल भराव से प्रभावित लोगों को ट्रक यूनियन स्थित बालिका विद्यालय, महात्मा गांधी मॉडल स्कूल गणेश गेट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर सात में ठहरने के लिए प्रबंध किए।

## गंगापुर सिटी में सड़कों पर चार फीट तक पानी भरा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जिला मुख्यालय क्षेत्र में मेघों ने जमकर मल्हार गाया। यहां शनिवार रातभर से रुक-रुककर बारिश का दौर शुरू हुआ जो दूसरे दिन रविवार दोपहर तक जारी रहा। बारिश से शहर में सड़कों पर घुटनों तक पानी हो गया। वहीं गांवों में खेत भी लबालब हो गए। रविवार सुबह 8 बजे तक तो रिमझिम बारिश होती रही लेकिन इसके बाद तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश के कारण शहर की अधिकांश कॉलोनियों और सड़कों पर बारिश का काफी मात्रा में पानी भर गया। नया बाजार में तो दरिया जैसी स्थिति दिखाई थी। तहसील कानूनगो राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि गंगापुर सिटी क्षेत्र में रविवार सुबह 8 बजे 11 मिमी बारिश दर्ज की गई, लेकिन इसके बाद ही जोरदार बारिश होने लगी और बारिश का यह दौर करीब 11 बजे तक जारी रहा। इसके बाद रुक-रुककर बारिश होती रही। इसे एक दिन पहले शनिवार को करीब 3 इंच बारिश हुई थी। क्षेत्र में एक जून से अब तक 648 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। गंगापुर सिटी में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ है। एक सप्ताह से जिले में चल रही बरसात से जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है।

## हिंडौन में साढ़े चार इंच बारिश, जनजीवन प्रभावित

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को दूसरे दिन साढ़े चार इंच बारिश दर्ज की गई, जिससे शहर में बाढ़ की हालात बने हुए हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र के रास्ते अवरूद्ध हो गए हैं। हालांकि इस समस्या को लेकर देरी से हरकत में आए प्रशासन के अधिकारियों ने नाव में बैठकर शहर के जलमग्न इलाकों का दौरा किया।

जानकारी के अनुसार गत एक सप्ताह से अधिक समय से क्षेत्र में मानसून मेहरबान हैं। जिसके चलते गत दिवस की सबसे ज्यादा 4 इंच बारिश दर्ज हुई, जिससे घरों व दुकानों में पानी भरने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में सड़कों पर 4 से 5 फीट पानी भरा होने से दुकानों तक पहुंचने में समस्याएं आ रही है। शनिवार को दोपहर 12 बजे तक 99 एमएम बारिश से शहर में जलभराव हुआ। फुलवाड़ा के बांध का पूरा में तालाब का ओवरफ्लो होकर जाट के तालाब तक पहुंचे पानी ने शहर में आफत मचा दी।

नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता राजीव धाकड़ ने बताया कि रविवार को जल



एसडीआरएफ टीम की मदद से नाव में सवार होकर संभागीय आयुक्त, आईजी व एसडीएम ने दौरा किया।

निकासी व पहाड़ी क्षेत्रों से सपाट व अन्य मार्गों से शहर में प्रवेश कर वर्षा के पानी को रोकने व अन्य राहत के लिए सीताबाड़ी, खटीक पाडा की पुलिया, करौली रोड पर अलग अलग टीम भेजी गई है। जेसीबी के माध्यम से खारी नाले में रुकावट को हटाया

- **कॉलोनियों और बाजार में पांच फीट तक भरा पानी, रेस्क्यू टीमें नांव के साथ राहत कार्य में जुटी**
- **फुलवाड़ा के बांध का पूरा में तालाब का ओवरफ्लो होकर जाट के तालाब तक पहुंचे पानी ने शहर में आफत मचा दी**

जा रहा है। वहीं जलभराव क्षेत्र में फंसे लोगों के आवास के लिए आश्रय स्थलों में व भोजन के लिए अन्नपूर्णा रसोई में व्यवस्था की गई है। एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है। एसडीआरएफ टीम की मदद से नाव में सवार होकर संभागीय आयुक्त सांवर मल वर्मा, आईजी राहुल प्रकाश व एसडीएम ने जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया।


**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

केंन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 04/2024

**सांकेतिक सूचना**

**पेरामेडिकल श्रेणियों के विभिन्न पदों की भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में पेरामेडिकल श्रेणियों के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 है। आवेदन (सभी तरह से पूर्ण) केवल ऑनलाइन ही जमा किया जाना चाहिए।

आवेदन आरंभ होने की तिथि: 17.08.2024
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 16.09.2024

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | 01.01.2025 को आयु | कुल रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| डाइटिशियन (लेवल 7) | 7 | 44900 | C2 | 18–36 | 05 |
| नर्सिंग अधीक्षक | 7 | 44900 | C1 | 20–43 | 713 |
| ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच थेरेपिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 21–33 | 04 |
| क्लिनिकल साइको लोजिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 18–36 | 07 |
| डेंटल हाईजिनिस्ट | 6 | 35400 | C2 | 18–36 | 03 |
| डाईलिसिस टेक्नीशियन | 6 | 35400 | B1 | 20–36 | 20 |
| स्वास्थ्य एवं मलेरिया निरीक्षक ग्रेड III | 6 | 35400 | C1 | 18–36 | 126 |
| लेबोरेटरी अधीक्षक | 6 | 35400 | B1 | 18–36 | 27 |
| परफ्यूसिनिस्ट | 6 | 35400 | B1 | 21–43 | 02 |
| फिजियोथेरेपिस्ट ग्रेड II | 6 | 35400 | C1 | 18–36 | 20 |
| ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट | 6 | 35400 | C1 | 18–36 | 02 |
| कैथ लेबोरेटरी टेक्नीशियन | 6 | 35400 | B1 | 18–36 | 02 |
| फार्मासिस्ट(एंट्री ग्रेड) | 5 | 29200 | C2 | 20–38 | 246 |
| रेडियोग्राफर एक्स–रे टेक्नीशियन | 5 | 29200 | B1 | 19–36 | 64 |
| स्पीच थेरेपिस्ट | 5 | 29200 | B1 | 18–36 | 01 |
| कार्डियक टेक्नीशियन | 4 | 25500 | B1 | 18–36 | 04 |
| ऑप्टोमेट्रिस्ट | 4 | 25500 | B1 | 18–36 | 04 |
| ईसीजी टेक्नीशियन | 4 | 25500 | C1 | 18–36 | 13 |
| लेबोरेटरी सहायक ग्रेड II | 3 | 21700 | B1 | 18–36 | 94 |
| फील्ड वर्कर | 2 | 19900 | C2 | 18–33 | 19 |
| | | | | कुल योग | 1376 |

**इसमें कोविड–19 महामारी के कारण एक बार के रूप में निर्धारित आयु सीमा से परे 3 वर्ष की छूट शामिल है*।**
कृपया विस्तृत जानकारी के लिए आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध सीईएन 04/2024 देखें।

**सीईएन 04/2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइटें**

| | | |
|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in | मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| अजमेर www.rrbajmer.gov.in | गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in |
| बेंगुलुरु www.rrbbnc.gov.in | गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| भोपाल www.rrbbhopal.gov.in | जम्मू–श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | रांची www.rrbranchi.gov.in |
| भुबनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in |
| बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | मालदा www.rrbmalda.gov.in | सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in |
| चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in | मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | थिरुवानान्थापुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |

यह अधिसूचना पूर्णत सांकेतिक प्रकार का है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सीईएन 04/2024 की पोस्ट पैरामीटर तालिका और रिक्ति तालिका को देखना आवश्यक है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धि–पत्र समय/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

संख्या: RRB/All/Advt./CEN04/2024(Paramedical)
दिनांक: 12.08.2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।

# तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, दो छात्रों सहित तीन की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

- रामनगरिया इलाके में शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि हुआ हादसा
- टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे से परखच्चे उड़ गए। ड्राइवर का शव कार में बुरी तरह से फंस गया था, जिसे 1 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में दो छात्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक छात्र लंदन से बीटेक तो दूसरा जयपुर के ही कॉलेज से बीबीए कर रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आगे से कार के परखच्चे उड़ गए। ड्राइवर का शव कार में बुरी तरह से फंस गया था। घंटेभर की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि डेढ़ बजे एनआरआई सर्किल पर तेज रफतार से आ रही कार ट्रक से जा भिडी। इस हादसे में कार में अमिष (19) पुत्र राजीव वाधवा निवासी मानसरोवर और वेदांत (19) पुत्र गिरधर आहलूवालिया निवासी पाम कॉलोनी जगतपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलि ने दोनों के शवों को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया। जिनका रविवार सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनो के हवाले कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गाड़ी वेदांत की है। वेदांत का कार चालक विकास का शव कार में बुरी तरह से फंसा गया था और एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। विकास के शव को एसएमएस की मोर्चरी में रखवाया गया है। अमीश और वेदांत के परिवार वालों को पुलिस ने रात में ही सूचना दे दी थी। शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया परिजनों को सौंप दिया गया है। विकास सीतापुरा में ही किराए के मकान में रहता था। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर से होते हुए जवाहर सर्किल की तरफ कार जा रही थी। ड्राइवर ट्रक को मोड़ रहा था। इतने में तेज रफ्तार से आ रही कार ट्रक से भिड़ गई। ट्रक में सब्जियां भरी थीं। मृतक वेदांत लंदन से बीटेक कर रहा था, वह छुट्टियों में जयपुर आया था। जबकि अमिष जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बीबीए का स्टूडेंट था।

# पहाड़ों ने ओढ़ी हरियाली की चादर



राजस्थान में मानसून को मेघ मल्हार चरम पर हैं। बारिश के बाद अरावली की पहाड़ियों से झरने बहने लगे हैं। सावन के इस हरियाली भरे मौसम में पहाड़ियों ने भी हरियाली की चादर ओढ़ ली। बारिश के बाद आसमां में धुंध छाये रहने से ऐसा लगने लगा है, जैसे बादल जमी पर उतर रहे हों। जयपुर के नजदीक सामोद की पहाड़ियों का ये दृश्य ऐसा लगता है कि जैसे कुल्लू-मनाली की पहाड़ियां हों।



'हर घर-प्रतिष्ठान तिंरगा वितरण' अभियान का शुभारंभ रविवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया। उन्होंने सिटी पैलेस में सीकर रोड व्यापार महासंघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी संस्थाओं एवं नागरिकों को यह पर्व बड़ी धूमधाम से मनाना चाहिए। इस मौके पर सीकर रोड व्यापार महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मित्तल, हरि ओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल और पार्षद सुरेश जांगिड़ मौजूद रहे।

## नटवर सिंह के निधन पर संवेदना जताई

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## प्रॉपर्टी कारोबारी से एक करोड़ की ठगी

**जयपुर।** कोतवाली थाना इलाके में रुपए दुगने के नाम पर एक प्रॉपर्टी कारोबारी से एक करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दूदू निवासी कमलचंद जैन ने मामला दर्ज करवाया कि रुपए दुगने करने के नाम पर किशनपोल में चार-पांच लोगों ने अलग-अलग कर करीब एक करोड़ रुपए की राशि उससे ले ली।

# प्रेमिका से बातचीत का विरोध करने पर 6 माह की गभर्ववती पत्नी को मौत के घाट उतारा

## राजधानी जयपुर के जयसिंहपुरा खोर इलाके में सनसनीखेज वारदात सामने आयी

-कार्यालय संवाददाता-

- आरोपी पति ने परिजनों को गुमराह करके पत्नी के शव को दफना दिया, पुलिस ने जांच शुरू की तो हत्याकांड का पर्दाफाश हुआ

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर इलाके में प्रेमिका से बातचीत का विरोध करने पर एक युवक ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया और परिजनों के साथ मिलकर शव को दफना दिया। शंका होने पर परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज करवाया। इस पर पुलिस ने जांच शुरू की तो सारी परतें खुलकर सामने आ गई। जांच में सामने आया कि महिला ने अपने पति को दूसरी लड़की से बात करने का विरोध किया था। इस पर पति ने अपनी पत्नी की हत्या करके शव को दफना दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर जांच शुरू की तो हत्या की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अजहर को गिरफ्तार कर लिया।

सहायक पुलिस आयुक्त आमेर शिवरतन गोदारा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर इलाके में अनम फातिमा की 29 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। महिला 6 महीने की प्रेग्नेंट भी थी। मृतक महिला के पति मोहम्मद अजहर ने परिजनों को गुमराह करके शव को कब्र में दफना दिया था। परिजन मृतका अनम फातिमा की हत्या की वारदात से अनजान थे। परिजनों को लगा कि प्रेग्नेंसी की वजह से मौत हुई है। परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना भी नहीं दी गई। महिला के पति के साथ पूरा परिवार शोक का मातम मना रहा था। दफनाने से पहले परिवार के सदस्य ने महिला के गले पर चोट के निशान देख लिए, लेकिन पति मोहम्मद अजहर ने पूरे परिवार को गुमराह कर दिया। परिजनों को शक हुआ कि जिस बेटी से 4 घंटे पहले पूरा परिवार मिलकर आया था। अचानक उसकी तबीयत कैसे खराब हो गई और मौत भी हो गई।

शक की गहराइयों के बीच परिजनों ने जयसिंहपुरा खोर थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया। मामला दर्ज होने के बाद एसडीएम की मौजूदगी में महिला का शव कब्र से खोदकर बाहर निकाला गया। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के दौरान गला दबाकर हत्या करने का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो महिला का पति मोहम्मद अजहर हत्यारा निकला। गत 5 अगस्त को महिला के पिता मुन्ना खान ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। इससे पहले परिजन महिला के शव को कब्र में दफन कर चुके थे। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक महिला के पति अजहर मोहम्मद का एक अन्य महिला के साथ अफेयर चल रहा था। पत्नी ने अपने पति को फोन पर महिला से बात करते हुए सुन लिया था। दोनों के बीच इसी को लेकर झगड़ा हुआ। इस दौरान आरोपित ने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी प्रेगनेंसी से तबीयत खराब होने का ड्रामा करता रहा, लेकिन पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# डबल शंकर की कावड़ कलश यात्रा में दिखी शिव भक्ति के साथ देश भक्ति की झलक




पूर्व मेयर ज्योति खण्डेलवाल की अगुवाई में 1100 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

**जयपुर,** (का.सं.)। कंधों पर कावड़ लिए भक्तों ने एवं पंचरंगा के रंग में रंगी सर पर कलश धारण किये महिलाओं ने जब एक स्वर में शिव के जयकारे लगाए तो अनायास ही छोटी काशी के रूप में विख्यात जयपुर नगरी भोले के रंग में रंगी दिखी। मौका था श्री डबल शंकर महादेव विकास समिति के तत्वाधान में रविवार को निकाली गई कावड़ व कलश यात्रा का, जिसमें भोले के भक्तों ने गलता व हरिद्वार से लाए गंगा के पवित्र मिश्रित जल से शिव का अभिषेक किया। कावड़ यात्रा में शामिल हर कोई अपने हाथों से बाबा का अभिषेक करने के लिए आतुर दिखा।

गलता तीर्थ से अलसुबह कावड़ में पवित्र जल भर कर रवाना हुए भक्तों का काफिला जैसे ही परकोटा क्षेत्र में पहुंचा तो शहरवासियों ने पलक पावंडे बिछा दिए। आयोजन समिति के संयोजक शरद खण्डेलवाल की अगुवाई में कावड़िये भोले की भक्ति के रंग में रंगे नजर आ रहे थे, उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। भोले के जयकारों व देश भक्ति के जयघोष के साथ कावडिये झूम रहे थे और शिव का जयघोष कर रहे थे। कॉवड यात्रा में सजे धजे ऊंट, घोडे, ढोल-तासे शामिल थे। कावडियों का जगह जगह व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व सर्वसमाज के प्रतिनिधियो ने फूल बरसा कर व आरती उतार कर स्वागत किया।

पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल की अगुवाई में 1100 महिलाओं ने धारण किया सिर पर मंगल कलश कावड़ यात्रा के साथ जब कलश यात्रा का संगम चौडा रास्ता स्थित द्वारकाधीश मंदिर के बाहर हुआ तो वहां मौजूद हर कोई भक्त भोले के जयघोष पर झूम उठा। चौड़ा रास्ते में पूर्व मंत्री व विधायक कालीचरण सर्राफ, हाथोज धाम के महन्त व हवामहल क्षेत्र के विधायक बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज, अवधेशाचार्य महाराज, विधायक प्रत्याशी रवि नैयर, चन्द्रमोहन बटवाडा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एन.के गुप्ता, प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, कर्मचारी नेता संतोष विजय सहित अन्य गणमान्य ने कावड कलश यात्रा का स्वागत किया व कलश यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व महापौर ज्योति खण्डलेवाल की अगुवाई में पंचरगं की साडी पहने 1100 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर आगे बढ़ी। ढोल ताशो व डमरू पर जमकर नाचे कावडिये-भक्तो ने केसरिया व तिरंगे ध्वज लहराये। कावड़ व कलश यात्रा के साथ चल रहे कावडियो ने ढोल ताशो व डमरू बजाकर माहौल शिवमय बना दिया । कावड व कलश यात्रा में शामिल भक्तो में कई भक्त भगवा व तिरंगा ध्वज लहराते हुए भोले का जयघोष कर रहे थे।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नई दिल्ली में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से मुलाकात की। देवनानी ने माथुर को राज्यपाल बनने की बधाई दी। देवनानी ने माथुर को पुष्प गुच्छ और सम्राट पृथ्वीराज चौहान की तस्वीर भेंट की।

## तिरंगा यात्रा का आयोजन

**शिवदासपुरा।** अगस्त क्रांति के अवसर पर तिरंगा यात्रा समिति सांगानेर द्वारा सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के केम्प कार्यालय से विशाल दोपहर तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। लगभग 500 वाहनों पर एवं खुली जीपों में यात्रा सुबह 8.30 बजे शुरू हुई। जो मानसरोवर मध्यम मार्ग होते हुए रिद्धि सिद्धि चौराहे से गोपालपुरा चौराहे होकर टोंक रोड से होते हुए अम्बेडकर चौराहे से अमर जवान ज्योति स्थल, जन पथ पर पहुँची, यात्रा पर बीच-बीच में पुष्प वर्षा होती रही। सड़क किनारे खड़े लोग जोश में देश भक्ति नारे लगाकर उत्साहित हो रहे थे, एकदम विहंगम एवं विशाल स्वरूप में यात्रा का अद्भुत दृश्य बन गया था। यात्रा के प्रेरणास्त्रोत मेघेन्द्र शर्मा के साथ स्वामी प्रकाश दास महाराज ने यहाँ राष्ट्रभक्ति गीतों से सारे समूह में राष्ट्रप्रेम की ऊर्जा का संचार कर दिया इस वातावरण में युवा, मातृशक्ति एवं आयोजक सभी नृत्य करते हुए झूमने लगे। यात्रा मीडिया संयोजक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि इस प्रकार की व्यवस्थित और दिव्य यात्रा पहली बार सांगानेर विधान सभा से निकली है जो सभी को एकता के सूत्र में बांधकर राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करेगी, इस भव्यता के लिए सभी आयोजक जिनमें कमलेश टाँक, विवेक गोयल, गोपाल शर्मा, गिर्राज शर्मा, अनिल मंगल, नरेंद्र हर्ष, मुकेश काका, सोमेश शर्मा, अतुल गुप्ता, ललित चाँदकोटिया, घनश्याम गुप्ता, अरविंद गुप्ता के डी सिंघल, रिंकू अग्रवाल, जीतू बना एवं दिवाकर मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रोपैथी को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सी.एम.

- 'बोर्ड के गठन से इलेक्ट्रोपैथी पद्धति को मिलेगी गति'
- बजट घोषणाओं के लिए इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री का आभार और अभिनंदन किया

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही कई पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का केंद्र रहा है। इन चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन पद्धतियों में इलेक्ट्रोपैथी की विशेष महत्ता है और राज्य सरकार इसे प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों की आभार एवं अभिनंदन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दूरगामी निर्णय ले रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में ही पारंपरिक चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रोपैथी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन करने और इसके लिए प्रथम चरण में 5 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। साथ ही, बजट में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा के सम्बन्ध में परीक्षण कर नियम बनाने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का निरन्तर विस्तार कर रही है। परिवर्तित बजट 2024-25 में स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वाधिक महत्व देते हुए लगभग 27 हजार 660 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है जो बजट का 8.26 प्रतिशत हिस्सा है। इससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हांगी एवं स्वास्थ्य ढ़ाचे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण होगा। शर्मा ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभांवित कर रही हैं।

# "बाजे नौबत बाजा, म्हारा डिग्गीपुरी का राजा..."

**जयपुर।** गुलाबीनगर की फिजा में आज सुबह कल्याण धणी के जयकारे गूंज उठे। मौका था श्री कल्याणजी डिग्गीपुरी लक्खी पदयात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में निकाले जाने वाली श्री डिग्गीपुरी कल्याणजी की 59वीं की लक्खी पैदल यात्रा का। पद यात्रा को संत महंतों व जनप्रतिनिधियों ने चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वरजी मंदिर से केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। यात्रा के संयोजक श्रीजी शर्मा जैसे ही मुख्य ध्वज ताडक़ेश्वर महादेव मंदिर से बाहर लेकर आए तो श्रद्धालुओं ने डिग्गी कल्याणजी के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस दौरान मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया। बाजे नौबत बाजा महारा डिग्गीपुरी का राजा..., कल्याण धणी को डंका बाज्यों जैसे भजनों की स्वर लहरियां... जयकारे और हजारों श्रद्धालुओं का कारवां आज सुबह डिग्गी कल्याणजी के लिए रवाना हुआ। पदयात्रा गाजे बाजे एवं पूरे लवाजमे के साथ न्यू गेट तक पहुंची।

कुछ पदयात्री भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे तो कुछ कनक दंडवत करते हुए आगे बढ़ रहे थे। चौड़ा रास्ता



डिग्गी कल्याणजी की 59वीं लक्खी पदयात्रा रविवार को जयपुर के ताड़केश्वरजी मंदिर से जयकारों के बीच रवाना हुई।

से पदयात्री रामनिवास बाग होते हुए मोतीडूंगरी गणेशजी के दर्शन कर जेएलएन मार्ग, टोंक रोड होते हुए आगे बढ़े। पद यात्रियों को अल्पाहार करा पुण्य कमाने की लिए लोगों में होड लगी रही। श्रद्धालुओं के लिए मार्ग जगह-जगह भंडारे लगाए गए। संस्थाओं के सदस्य हाथों में नाश्ता, फल लेकर पदयात्रियों की मनुहार करते नजर आए।

# 7 तीर्थों के जल से आज होगा 'महाशिवाभिषेक'

**जयपुर** । सावन के चौथे सोमवार को छोटीकाशी के शिवालयों में एक बार फिर हर-हर महादेव का जयघोष होगा। बोल बम ताडक़ बम के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। इसी कड़ी में धार्मिक जागरूकता के प्रसार-प्रसार, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक उन्नित और परंपराओं का संरक्षण के लिए स्वेज फार्म सोडाला के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में सोमवार, 12 अगस्त को सुबह पांच से दोपहर दो बजे तक मंदिर महंत अवधेश दास महाराज के सान्निध्य में हरिद्वार से लाए गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। शनिवार को आयोजक राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पंकज ओझा और गब्बर कटारा ने सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने आमंत्रण स्वीकार कर पोस्टर का विमोचन किया।

गंगाजल के अलावा अन्य पवित्र तीर्थों के जल, दिव्य औषधियों से भी भोलेनाथ महाशिवाभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम सभी भक्त शामिल हो सकेंगे। इसमें भाग लेने वाले किसी भी श्रद्धाल से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सुबह 5 बजे भगवान शिव आरती एवं मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। अभिषेक के दौरान भजनों स्वर लहरियां गूंजती रहेगी। अभिषेक में 7 तीथों का जल उपयोग में लिया जाएगा हरिद्वार का गंगाजल, कैलाश मानसरोवर का जल, गंगासागर का जल, रामेस्वरम का जल,नर्मदा का जल, सरयू नदी का जल, पुष्कर का जल शामिल है। नाग केशर प्रियंगु, भांग, शमी पत्र, आकड़ा, सात प्रकार के रस और गौ दुग्ध धारा से अभिषेक किया जाएगा। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल बड़े टैंकर में भरकर जयपुर लाया जाएगा। जयपुर में गंगाजल का स्वागत ढोल-नगाड़ों के साथ किया जाएगा। गंगाजल में प्रमुख नदियों एवं सरोवरों का जल मिलाकर अभिषेक किया जाएगा। भक्तों को गंगाजल जल भरा कलश, बेल पत्र और पुष्प उपलब्ध करवाए जाएंगे। जो लोग पवित्र स्थान से कावड़ नहीं ला सकते वे टैंकर से कावड़ में जल भरकर ले जा सकेंगे।

# कालाडेरा फैक्टरी हादसा : तीन और मजदूरों की अस्पताल में मौत

## हादसे में 19 लोग घायल हुए थे, अब तक चार मजदूरों ने दम तोड़ा

**चौमूं/कालाडेरा,** (निंस)। कालाडेरा में लोहा ढलाई फैक्टरी के बॉयलर (भट्टी) में गत दिनों ब्लास्ट हुआ था। हादसे में 19 मजदूर झुलस गए थे, जिनमें से 8 मजदूरों का गंभीर हालत में जयपुर के एस. एम. एस अस्पताल में इलाज चल रहा था।

गुरुवार को एक मजदूर सुरेश जाट निवासी हाथनोदा की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं शनिवार देर रात को दो मजदूर विनोद कुमार गुलिया (31) पुत्र सुवालाल गुलिया निवासी जैतपुरा चौमू, बबलू कुमार यादव (28) पुत्र जयप्रकाश यादव निवासी कोहलीखल थाना बरहरगंज जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश व रविवार को एक मजदूर चौथूराम पुत्र हरदेव निवासी खोराबिसल थाना मुरलीपुरा जयपुर की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब तक हादसे में कुल चार मजदूरों की मौत हो चुकी है। वहीं 4 मजदूरों का अभी भी एस. एम. एस अस्पताल के बर्न वार्ड में इलाज चल रहा है। जैसे ही मजदूरों की मौत की जानकारी मिली तो गोविन्दगढ़ डीवाईएसपी राजेश जांगिड़ व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने एस. एम. एस अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और अन्य घायलों की भी कुशलक्षेम जानी व मुख्यमंत्री से परिवार जनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



जयपुर के एसएमएस अस्पताल पहुंचकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व गोविन्दगढ डीवाईएसपी राजेश जांगिड़ ने जानकारी ली।

- पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व गोविन्दगढ डीवाईएसपी राजेश जांगिड़ एसएमएस अस्पताल पहुंचे

चौमूं एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि चौमू उपखण्ड के कालाडेरा रीको मे स्थित लोहा ढलाई फैक्टरी में बॉयलर (भट्टी) फटने से जो हादसा हुआ था उसमें अब तक 4 मजदूरों की मौत हो चुकी है। इन मजदूरों के परिवार को पूर्व मृतक मजदूर के परिवार को आर्थिक सहायता के लिए पैकेज दिया गया था वो पैकेज इन मृतकों के परिवार को भी मिलेगा। वहीं जिन लोगों का आयुष्मान योजना में नाम नहीं है उनका सर्वे करवाकर मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा जाएगा।

गोविन्दगढ़ डीवाईएसपी राजेश जांगिड़ ने बताया कि कालाडेरा रीको में लोहा ढलाई फैक्टरी हादसे में 19 मजदूर घायल हुए थे जिनमें से 8 गम्भीर रूप से घायल मजदूरों का इलाज चल रहा था जिनमें एक मजदूर की पूर्व में मौत हो चुकी थी वहीं शनिवार देर रात को 2 मजदूरों व रविवार को 1 मजदूर की मौत हो गई अभी तक 4 मजदूरों की इलाज के दौरान एस. एम. एस अस्पताल में मौत हो चुकी है। वहीं 4 मजदूरों का अभी भी एस. एम. एस अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं दो मजदूरों का चौमू के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, बाकि 9 मजदूरों को छुट्टी दे दी गई है। तीन मृतकों के शव परिवारजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं चौमूं विधायक डॉ.शिखा मील बराला ने भी मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की है।


वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ने चौमूं उपखण्ड के कालाडेरा रिको में स्थित ओम एंटरप्राइजेज कास्टिंग फैक्ट्री में बॉयलर फटने से हुई दुर्घटना में मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लाभ देय नहीं होने की स्थिति में मुख्यमंत्री सहायता कोष के नियमों में शिथिलता प्रधान कर अपवाद स्वरूप मृतक आश्रितों को दो लाख रूपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है।

# बंद पड़े उप स्वास्थ्य केन्द्र में लापता युवती का शव मिला

## खेतड़ीनगर के राजकीय स्कूल में संविदा शिक्षक के रूप में कार्य करती थी युवती

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के गोठड़ा पंचायत की बाढ की ढाणी में रविवार को एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवती का शव दो साल से बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र के कमरे में पड़ा हुआ मिला।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को खेतड़ीनगर पुलिस को सूचना मिली कि बाढ की ढाणी में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक लड़की का शव पड़ा हुआ है। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल मय जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। संदिग्ध अवस्था में शव मिलने पर एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। बताया जा रहा है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है। थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया कि दोपहर को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई तो सामने आया कि ढाणी की एक युवती लापता हुई थी। जिस पर जानकारी जुटाई तो सामने आया कि बाढ की ढाणी निवासी मीना (22) पुत्री रामनिवास सैनी रात को घर से लापता हो गई थी। इस दौरान परिजनों को मौके पर बुलाकर शिनाख्त करवाई तो परिजनों ने उसकी पहचान कर ली।



पुलिस और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया।

मृतका मीना खेतड़ीनगर के राजकीय स्कूल में संविदा शिक्षक के रूप में कार्य करती थी तथा उसके पिता रामनिवास भी मजदूरी करते हैं। मृतका का एक छोटा भाई बीए प्रथम वर्ष में पढ़ाई करता है। घटना की सूचना पर विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। विधायक ने पुलिस को मामले की गहनता से जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। घटनास्थल से एफएसएल टीम द्वारा जांच के दौरान आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया है। डीएसपी जुल्फीकार अली ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला मर्डर का होना सामने आया है, जिसको लेकर दो पुलिस टीमों का गठन कर वारदात के आरोपियों का सुराग लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मृतका के शव को राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# सवा लाख रुपए की रिश्वत लेते चिकित्सा अधिकारी गिरफ्तार

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को गिरफ्तार किया
- सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर वापस लौटाने और आगे परेशान नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगी थी

**उदयपुर,** (कासं)। एसीबी की राजसमंद इकाई ने रविवार को कार्रवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को 1.25 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी राजसमंद को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी, जिसमें सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर वापस लौटाने और आगे परेशान नहीं करने की एवज में आरोपी डॉ. काजी रिश्वत की मांग कर रहा था। इसके लिए परिवादी को बार-बार कार्रवाई के लिए धमकाकर परेशान किया जा रहा था। एसीबी उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एएसपी हिम्मत सिंह चारण ने शिकायत का सत्यापन किया। इस दौरान डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को 1.25 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। साथ ही आरोपी से मामले में एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है।

डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी संयुक्त निदेशक होने के साथ उदयपुर शहर में पीसीपीएनडीटी के समुचित प्राधिकारी अधिकारी भी थे। ऐसे में इनके पास सभी निजी मेडिकल कॉलेज, बड़े हॉस्पिटल्स और सोनोग्राफी सेंटर को लाइसेंस देने, उनका रिन्यूअल और मॉनिटरिंग का जिम्मा था। जहां इनके खिलाफ शिकायतें मिलती रहह। इसके अलावा इनके खिलाफ जिले की कई प्रमुख जांच को लंबित रखने के भी आरोप लगते रहे हैं। वर्ष 2019 में डॉ. जुल्फिकार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त निदेशक बनाया था। फरवरी 2024 में सरकार ने उन्हें हटाकर डॉ. प्रकाश चन्द्र को संयुक्त निदेशक बना दिया था। इसके विरोध में डॉ. जुल्फिकार हाईकोर्ट से स्टे लेकर वापस पद पर बने रहे। ऐसे में राज्य सरकार ने हाल ही स्टे का निस्तारण करते हुए डॉ. प्रकाश चन्द्र को एपीओ कर दिया। इस पर डॉ. जुल्फिकार अपने पद पर बने रहे।

# रिश्वतखोर चीफ मैनेजर, वरिष्ठ सहायक, सीए सहित चार को जेल

## एसीबी ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था

**अजमेर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने टोंक जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा, वरिष्ठ सहायक अजय कुमार खंडेलवाल, सीएम जयंतीराज जैन और रिश्वत देने वाले अनुज जैन को अजमेर की एसीबी कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायाधीश ने चारों को जेल भेजने के आदेश दिए।

भीलवाड़ा एसीबी के डीएसपी पारसमल ने बताया कि टोंक जिला उद्योग केंद्र में भ्रष्टाचार की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जयपुर, भीलवाड़ा व टोंक की संयुक्त टीम ने गत शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें शनिवार देर रात अजमेर एसीबी कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने जेल भेजने के आदेश दिए। रविवार सुबह चारों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि एसीबी टीम द्वारा जांच की गई, जांच में मामला सही पाए जाने पर कार्यवाही अंजाम दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा सरकार की सीएम लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, एमएसएमई योजना सहित अन्य योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन करने वालों से फाइल स्वीकृति के नाम पर रिश्वत की डिमांड की जाती। टोंक जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा ने आवेदन पत्रों की जांच का काम वरिष्ठ सहयक अजय कुमार खंडेलवाल को सौंप रखा था। जबकि खंडेलवाल का मार्च 2024 में बूंदी तबादला हो गया था, लेकिन वह मीणा के निर्देश पर ही काम रहा था। उन्होंने बताया कि यदि कोई आवदेन कर्ता रिश्वत राशि देने में इंकार करता तो उसकी फाइल में दस्तावेज पूरा नहीं होने की कमी बताकर रद्द कर दिया जाता, सभी फाइल सीए जयंतीराज जैन ही देखता था।

एसीबी अधिकारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा निवाई की एबीसी रिसोर्ट के तीन करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पास करने की एवज में डेढ़ लाख की रिश्वत मांगी गई थी। रिसोर्ट के एक तिहाई हिस्सेदार अनुज जैन ने मीणा के सिविल लाइन स्थित आवास पर रिश्वत दी थी। एसीबी ने अजय कुमार खंडेलवाल को भी आरोपी बनाया था। एसीबी टीम को खंडेलवाल के आवास की तलाशी के दौरान घर से 20 लाख रुपए नकद मिले थे।

## नौ लाख की अफीम जब्त, दो गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं.)। सरदारशहर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 9 लाख रुपए की अवैध अफीम जब्त करके 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस ने बताया कि अवैध गतिविधिओं की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत रोही खिलेरिया मेघा हाईवे रोड सरदारशहर से रतनगढ पर दौराने नाकाबंदी एक कार को रोककर चैक किया तो कार में दो व्यक्ति सवार थे, जिनके पास 1 किलो 873 ग्राम अवैध अफीम मिली। कार चालक आरोपी नानकसिंह पुत्र जीतसिंह निवासी दलमीर खेडा पुलिस थाना खुइया सरवर तहसील अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब व गौरव नागपाल पुत्र दौलतराम निवासी बसंत नगर पुलिस थाना अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार कर लिया।

# सारस्वत महिला संस्थान चित्तौड़गढ़ ने लहरिया महोत्सव मनाया

**जयपुर/ चितौड़गढ़।** सारस्वत महिला संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में अनंत रिसोर्ट, चितौड़गढ़ में रंगारंग और मनभावक लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। अंतरराज्य स्तरीय लहरिया महोत्सव में जयपुर अजमेर, भीलवाड़ा, नीमच, मनासा, उदयपुर, कोटा, कनेरा, चित्तौड़गढ़ सहित एक दर्ज़न जिलों की टीमों ने भाग लिया।

महोत्सव का शुभारंभ नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में रतलाम से पुष्पा व्यास, नगर पालिका अध्यक्ष बेग रंजना शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन प्रिया शर्मा, सोनाली ओझा एवं ज्योति ओझा द्वारा किया गया। महिला संस्थान चितौड़गढ़ सचिव निशा सारस्वत ने मुख्य अतिथि, निर्णायक एवं सभी टीमों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। निर्णायक की भूमिका में परिधि भटनागर उपस्थित थी। साधना सारस्वत अध्यक्ष सारस्वत महिला संस्थान चितौड़गढ़ में समाज की सभी महिलाओं को मृत्यु के समय दिया जाने वाला लेनदेन बंद करने की शपथ दिलाई। सभी टीमों ने गीत, संगीत और नृत्य के साथ अपना टैलेंट शोकेस किया। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी बहनें लहरिया परिधान में सुसज्जित होकर आयोजन में शामिल हुई। रंग-बिरंगे लहरिये के परिधानों से सजी महिलाओं ने सावन के गीतों पर जमकर नृत्य किया।



सारस्वत महिला संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया।

- महोत्सव में जयपुर अजमेर, भीलवाड़ा, नीमच, मनासा, उदयपुर, कोटा, कनेरा, चित्तौड़गढ़ सहित एक दर्ज़न जिलों की टीमों ने भाग लिया

महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। चित्तौड़गढ़ से सरोज ओझा, खुशबू व्यास, खुशबू ओझा ,रजनी व्यास एवं कमला ओझा ने कान्हा और गोपियों का रूप धारण कर मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। सभी टीमों ने सावन थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। जयपुर की टीम ने अपनी प्रस्तुति में सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सारस्वत महिला संस्थान चितौड़गढ़ की कार्यकारिणी ने नारी सशक्तिकरण थीम पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः जयपुर भीलवाड़ा एवं कोटा की टीम ने प्राप्त किया।

सारस्वत महिला संस्थान की अध्यक्ष साधना सारस्वत ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति और परंपरा वर्षों से चली आ रही है। आज की पीढ़ी ऐसे कार्यक्रमों से दूर हो रही है। युवाओं को ऐसे कार्यक्रम से जोड़ने के लिए लहरिया महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि हर साल सावन में संस्था की ओर से लहरिया महोत्सव का आयोजन किया जाता है। सारस्वत महिला संस्थान कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने अपनी मेजबानी में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका बखूबी निभाई।

## ठगी के आरोपी कोर्ट में पेश

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में फर्जी कॉल सेंटरों के माध्यम से देशी व विदेशी नगारिकों से ऑनलाइन ठगी करने वाले सभी आरोपियों को रविवार को गंज पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस मास्टरमाइंड सहित सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंज थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर देशी-विदेशी नगारिकों से ऑनलाइन ठगी करने वाले 18 आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायाधीश ने 2 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी ने महावीर सिंह ने बताया कि आरोपियों द्वारा विगत दिनों ही अजमेर में कॉल सेंटर संचालित कर काम शुरू किया था।

## ‘गौसेवा व संतों के आशीर्वाद से ही जनता की सेवा का मौका मिला’



नंदगांव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने गौऋषि स्वामी दत्तशरणानन्द और सुरजकुंड के महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

**जालोर,** (निसं)। श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेड़ा की शाखा श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआं में चल रहे श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी एवं सांसद लुंबाराम चौधरी नंदगांव पहुंचे। वहां उन्होंने गोऋषि स्वामी दत्तशरणानन्द और सुरजकुंड के महाराज सहित नंदगांव परिसर में चातुर्मास कर रहे सैंकड़ों संतों का आशीर्वाद लिया।

समन्वयक कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष राठौड ने आंध्रप्रदेश के ओंगोल से पधारी पुंगनुर नस्ल की वेदलक्षणा गौमाता के दर्शन कर गौपूजन किया। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने वेदलक्षणा गोमहिमा श्रीभरत चरित्र कथा में पहुंचकर पोथी पूजाकर मलूक पीठाधीश्वर महाराज से आशीर्वाद लिया। नंदगांव परिक्रमा के बाद उन्होंने कहा कि गौसेवा और संतों के आशीर्वाद से ही मुझे प्रदेश की जनता की सेवा करने का मौका मिला है। मेरा प्रयास रहेगा कि पार्टी और जनता की उम्मीद पर में खरा उतरू। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि गौ सेवा के बीच में मेरा जीवन बीता है और पथमेड़ा, नंदगांव के गौ सेवा के इस प्रकल्प को देखकर मैं बहुत ही प्रभावित हूं। इस अवसर पर गोवत्स विठ्ठल कृष्ण महाराज, संस्था के अध्यक्ष प्रदीप बंसल, महामंत्री अर्जुन सिंह तिवरी सहित संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बीसलपुर से टोडारायसिंह पहुंची कांवड़ यात्रा को केकड़ी प्रशासन ने रोका, धरने पर बैठे कांवड़िये

## एक घंटे तक धरना व वार्ताओं का दौर चला, कांवड़ियों की मांग व जनभावनाओं के आगे झुका प्रशासन

**मालपुरा,** (निसं)। शिव कांवड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में रविवार को करीब आठ सौ से अधिक संख्या में केदारनाथ मंदिर से बीसलपुर पहुंचे समिति द्वारा रजिस्टर्ड कांवड़ियों के जत्थे गोकर्णेश्वर महादेव बीसलपुर से पवित्र कांवड़ लेकर टोडारायसिंह पहुंचे तो शहर में मौजूद केकड़ी प्रशासन ने कांवड़ियों के जत्थे को मुख्य बाजार से होकर गुजरने से रोक दिया। प्रशासन के इस निर्णय से गुस्सायें कांवड़िये पवित्र कांवड़ को सिर पर लेकर बीसलपुर रोड पर शंकराचार्य सर्किल पर धरने पर बैठ गये।

कांवड़ियों ने केकड़ी प्रशासन पर धार्मिक व जनभावनाओं से खिलवाड़ करने तथा मालपुरा उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा चार साल बाद परम्परागत मार्ग से कांवड़ यात्रा निकालने की दी अनुमति के बावजूद कांवड़ियों को रोके जाने पर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद केकडी पुलिस अधीक्षक विनित बंसल, टोडारायसिंह एसडीएम दिनेश कुमार, एडीएम व डीवाईएसपी हर्षित कुमार ने कांवड़ियों से समझाईश का प्रयास किया। लेकिन कांवड़िये प्रशासनिक स्वीकृति के मार्ग से ही होकर गुजरने की अपनी मांग पर अड़े रहे। कांवड़ियों के समर्थन में धरना स्थल पर बढ़ती लोगों की भीड़ व प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुये मौजूद अधिकारियों ने केकड़ी जिला कलेक्टर श्वेता चौहान को मामले से अवगत करवाया। एसपी बंसल का कहना था कि केकड़ी जिले से होकर गुजरने वाली यात्रा को प्रशासनिक स्वीकृति केकड़ी जिला प्रशासन से लेनी थी। टोंक जिला व मालपुरा उपखण्ड प्रशासन की स्वीकृति को हम कैसे स्वीकार करें। जिस मार्ग से कांवड़िये गुजरने की मांग कर रहे हैं उस मार्ग से हम स्वीकृति नहीं दे सकते। कांवड़ियों के बढ़ते आक्रोश के बाद जनभावनाओं को देखते हुये केकडी कलेक्टर श्वेता चौहान ने कांवड़ियों की मांग को स्वीकार मुख्य बाजार, माणक चौक,आमा सागर होते हुये मालपुरा रोड पर आने की स्वीकृति जारी की।



टोडारायसिंह कस्बे में एक घंटे तक कांवड़ियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

- मालपुरा शहर बना पुलिस छावनी, कांवड़ियों के पहुंचने से एक दिन पूर्व ही शहर के मुख्य रास्ते व गलियों में बैरीकेटिंग से व्यापारी व आमजन में रोष
- कांवड़ कोरीडोर मार्ग में एक हजार से अधिक अधिकारी व जवानों का जाप्ता तैनात किया गया है

आज शाम चार बजे मालपुरा पहुंचने वाली आठवीं कांवड़ यात्रा को चार साल पूर्व बंद किये गये परम्परागत मार्ग दूदू-छाण स्टेट हाईवे से ही मालपुरा शहर में प्रवेश को लेकर मालपुरा शहर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। कांवड़ कोरीडोर मार्ग में एक हजार से अधिक अधिकारी व जवानों का जाप्ता तैनात किया गया है। उक्त मार्ग में आकर मिलने वाले मुख्य रास्तों पर प्रशासन ने बैरीकेटिंग से लॉक कर दिया। जिला कलेक्टर सौम्या झां व एसपी संजीव नैन ने रविवार को मालपुरा पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा ले कांवड़ यात्रा की कमान संभाली।



एक मैच के निलंबन के कारण मुझे सेमीफाइनल मैच से बाहर होने का मलाल है। ये काफी अहम मैच था। पूरा देश और मेरे साथी खिलाड़ी मेरे साथ थे। टीम ने कभी भावनात्मक रूप से बाहर होने नहीं दिया। मेरा ध्यान बस अगले मैच पर था। - अमित रोहिदास

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, अपने बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## बखोदिर जलोलोव



**उज्बेकिस्तान** के बखोदिर जलोलोव ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 92 प्लस किग्रा वर्ग के मुक्केबाजी फाइनल में स्पेन के अयूब गदफा ड्रिसी एल आइसाउई को हराया। रोलैंड-गैरोस स्टेडियम में देर रात बखोदिर जलोलोव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के मुक्केबाज को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बखोदिर जलोलोव का यह ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक है। मुकाबला जीतने के बाद जलोलोव ने कहा, यह उज्बेकिस्तान के लिए इतिहास है और मैं भावुक हूं क्योंकि दो बार ओलंपिक चैंपियन बनना मेरा सपना था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# विनेश फोगाट से पहले एना बारबोसु खिलाड़ी को मिला सीएएस से न्याय

नई दिल्ली, 11 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 शुरू से ही किसी ना किसी कारण चर्चा में रहा। वहीं ओलंपिक 2024 में भारतीय स्टार रेसलर विनेश फोगाट को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण फाइनल से बाहर कर दिया गया था।

ऐसे में उनसे मेडल छिन गया। जिसके बाद विनेश ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोटर्स में केस किया, जिसकी सुनवाई हो चुकी है लेकिन फैसला आने में अभी भी समय लगेगा। दरअसल, सीएएस ने पहले फैसला 11 अगस्त के लिए टाला था जिसके बाद एक बार फिर फैसला टालते हुए 13 अगस्त का दिन फैसले के लिए तय किया गया है। लेकिन इससे पहले ने



रोमानिया की जिम्नास्ट एना बारबोसु को अच्छी खबर दी है। जिम्नास्टिक के फ्लोर इवेंट में एना ने हारकर भी ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। साथ ही कोर्ट ने अमेरिका की जिम्नास्ट जॉर्डन चाइल्स से ब्रॉन्ज मेडल छीन लिया है। बता दें कि, इवेंट में जॉर्डन तीसरे और एना चौथे नंबर पर रही थीं।

बता दें कि, इवेंट के फाइनल राउंड में जॉर्डन ने 13.766 स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। जबकि एना का स्कोर 13.700 रहा था और वो चौथे नंबर पर रही जिस कारण वह बाहर हो गई थीं। एक तरह से उन्हें हार मिली थी। के फैसले केबाद रिजल्ट को पूरी तरह से बदला गया। मैच में हार के बाद एना बारबोसु और उनकी टीम ने में केस दायर किया था। उन्होंने कहा कि जॉर्डन चाइल्स को गलत तरीके से पॉइंट्स दिए गए हैं। जिस कारण वो तीसरे नंबर पर रहीं।

# पेरिस ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक 40 स्वर्ण पदक के साथ चीन का दबदबा रहा

पेरिस, 11 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में चालीस स्वर्ण पदक के साथ चीन ने दबदबा कायम रखा वहीं अमेरिका 38 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान रहा। वहीं कुल पदकों के मामले में अमेरिका 124 पदकों के साथ एकमात्र शतकवीर रहा। चीन ने पेरिस खेलों में सर्वाधिक 40 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य पदकों सहित कुल 91 पदक जीते है। इसी तरह अमेरिका 38 स्वर्ण, 44 रजत और 42 कांस्य सहित कुल सर्वाधिक 124 पदक के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

इसके बाद तीसरे स्थान पर जापान ने 20 स्वर्ण , 12 रजत एवं 13 कांस्य पदक के साथ कुल 45 पदक जीते। चौथे पायदान पर रहते हुए ऑस्ट्रेलिया ने कुल 53 पदक जीते जिनमें 18 स्वर्ण , 19 रजत एवं 16 कांस्य पदक है।

इसी तरह मेजबान फ्रांस 16 स्वर्ण , 25 रजत एवं 22 कांस्य पदक के साथ पांचवे स्थान पर रहा। भारत ने एक रजत एवं पांच कांस्य पदक जीते है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत को सात पदक मिले थे। छठे स्थान पर रहते हुए नीदरलैंड ने 15 स्वर्ण , सात रजत एवं 12 कांस्य पदक के साथ कुल 34 पदक जीते। ग्रेट

ब्रिटेन 14 स्वर्ण 22 रजत एवं 29 कांस्य पदक के साथ 65 पदक जीतकर सातवें स्थान पर, दक्षिण कोरिया 13 स्वर्ण, नौ रजत एवं 10 कांस्य पदकों के साथ कुल 32 पदकों के साथ आठवें स्थान पर रहा। इटली 12 स्वर्ण, 13 रजत एवं 15 कांस्य पदकों के कुल 40 पदक जीतकर नौवें स्थान एवं जर्मनी 12 स्वर्ण, 13 रजत एवं आठ कांस्य के साथ कुल 33 पदक जीतकर दसवें स्थान पर रहा।

भारत पदक तालिका में कुल छह पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा है। भारत के लिए पेरिस 2024 में निशानेबाजी में मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर देश को पहला पदक दिलाया। इस तरह वह ओलंपिक निशानेबाजी में भारत की पहली पदक विजेता बन गईं। फाइनल में वह दक्षिण कोरिया की ओह ये जिन और किम येजी से पीछे रहीं।

मनु भाकर ने पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन खेलों में इतिहास रच दिया और वह एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं। महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के कुछ दिनों बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन दोनों ने टीम पदक के लिए दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वियों को हराया।

इसी तरह निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने पेरिस 2024 में भारत के लिए तीसरा पदक जीता। इसी के साथ भारत ने ओलंपिक में किसी एक संस्करण में देश के लिए शूटिंग में सबसे अधिक पदक जीते। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन तीन पदकों ने लंदन 2012 में निशानेबाजी में जीते गए भारत के दो पदकों के प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। हालांकि, यह ओलंपिक में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग इवेंट में पहला पदक था।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में अपना लगातार दूसरा पदक जीता। यह भारतीय हॉकी का 1968, 1972 और 2020 खेलों के बाद चौथा ओलंपिक कांस्य पदक था और उनका कुल मिलाकर 13वां ओलंपिक पदक। पेरिस में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह कुल दस गोल किए। मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुष भाला फेंक फाइनल में अपने टोक्यो 2020 खिताब का बचाव करने से ज़रूर चूक गए।

# आईओसी ने अभिनव बिंद्रा को किया ओलंपिक ऑर्ड से सम्मानित

नई दिल्ली, 11 अगस्त। भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय समिति ने ओलंपिक ऑर्डर अवॉर्ड से सम्मानित किया। पेरिस में जारी 142वें आईओसी सक्ष के दौरान उन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया। उनसे पहले भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1983 में इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय समिति ने ओलंपिक ऑर्डर अवॉर्ड से सम्मानित किया। पेरिस में जारी 142वें आईओसी सक्ष के दौरान उन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया। उनसे पहले भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1983 में इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया



था। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में टॉप स्थान हासिल करके भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत गोल्ड मेडलिस्ट बने बिंद्रा को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने सम्मानित किया। बिंद्रा ने कहा कि, जब मैं छोटा था तो ये ओलंपिक रिंग्स ही थे, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्ध दिया।

आईओसी खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष बिंद्रा ने कहा कि ये पुरस्कार उन्हें और भी अधिक मेहनत करने और ओलंपिक आंदोल में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, और दो दशक से अधिक समय तक अपने ओलंपिक सपने को पूरा करने में सक्षम होना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। खिलाड़ी के तौर पर अपने करियर के बाद, ओलंपिक आंदोल में योगदान देने की कोशिश करना मेरे लिए बहुत बड़ा जुनून रहा है।

## सभी राजनीतिक दल विनेश को राज्यसभा भेजने पर फैसला लें : अजय

भिवानी, 11 अगस्त। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने रविवार को कहा कि सभी राजनीतिक दलों को पहलवान विनेश को राज्यसभा भेजने पर सर्वसम्मति से फैसला लेना चाहिए और इसके लिए जजपा तैयार है। भिवानी जिले के गाँवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री चौटाला ने कहा कि विनेश का विषय देश की भावना से जुड़ा है इसलिए इस पर राजनीति करना उचित नहीं है। जजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी हर रोज नई-नई घोषणाएं करके जनता को गुमराह कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कांग्रेस भी चुनाव के समय झूठी घोषणाएं करके जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। ओलिम्पिक में फाइनल में पहुँचने के बाद वज़न मामूली ज्यादा होने के कारण अयोग्य करार दी गई पहलवान विनेश को राज्यसभा भेजने की बात सबसे पहले नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कही थी। उन्होंने कहा था कि यदि कांग्रेस के पास बहुमत होता तो विनेश को राज्यसभा भेजते। उन्होंने यह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उस बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप कहा था जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि विनेश को वह सब सुविधाएं और सम्मान हरियाणा सरकार देगी जो रजत पदक विजेता को दी जाती हैं।

## नीरज का आलीशान घर, लग्जरी गाड़ियों और बाइक के लिए अलग पार्किंग

नई दिल्ली, 11 अगस्त। भारत के स्टार जैवलिन थ्रो खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में देश के लिए सिल्वर मेडल जीता। आजादी के बाद नीरज देश के पहले एथलीट हैं जिन्होंने दो मेडल जीते हैं। इससे पहले उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीता था। ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद नरीज पर करोड़ों रुपये की बरसात हुई। नीरज ने इन पैसों से अपने गांव में आलीशान घर बनाया है। ये घर किसी एक्टर या नेता के घर से कम नहीं है। वहीं नीरज के घर का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। नीरज के घर के बाहर नेमप्लेट पर लिखा हुआ है। साथ ही वासुधेव कुंटबकम लिखा है। वहीं घर के अंदर घुसते ही पार्किंग नजर आएगी। इस पार्किंग में कई लग्जरी गाड़ियां हैं, इसमें महिंद्रा थार, रेंर रोवर, मशटैंग जैसी कारें शामिल हैं। जबकि इसके अलावा बाइक्स के लिए अलग से पार्किंग है। नीरज चोपड़ा के घर के आंगन में ही एक बड़ा मंदिर भी है। पूरे घर में पेड़ पौधे हैं और हर तरफ हरियाली है। घर के पीछे की ओर बैठक बनी हुई है। यहां ऊपर डिजाइनर लाइट्स लगी हैं साथ ही नीचे सफेद रंग के सोफे हैं और बगल में एक पूल टेबल भी है। जमीन पर हरी घास भी नजर आ रही है। नीरज के बहुमंजिला के घर के सबसे ऊपर तिरंगा लगा हुआ है।

## बीस भारतीय एथलीटों को ओलंपिक में ध्वजवाहक बनने का सम्मान मिला

पेरिस, 11 अगस्त। भारत की ओर से ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय ध्वजवाहक बनने वाले पहले एथलीट पुरमा बनर्जी के बाद अब तक बीस एथलीटों को यह सम्मान मिला है। हॉकी खिलाड़ियों को सबसे अधिक छह बार यह सम्मान हासिल हुआ है। बेल्जियम के हुये एंटवर्प ओलंपिक 1920 में 400 मीटर धावक पुरमा बनर्जी को पहला भारतीय ध्वजवाहक बनने का सम्मान मिला था। ग्रीष्मकालीन खेलों में एक देश का ध्वजवाहक राष्ट्र के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है और इसे ओलंपिक आदर्शों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह भविष्य के लिए एक प्रेरणा या रोल मॉडल हो सकता है। वर्षों से भारत के लिए ओलंपिक ध्वजवाहक अपने-अपने खेलों के अग्रणी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कई बार अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है। उनकी पहचान भारत के महान खिलाड़ियों के रूप में होती है। आजाद भारत में लंदन ओलंपिक 1948 के पहले ध्वजवाहक होने का सम्मान भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के प्रेरणादायक पहले कप्तान डॉ. तालीमरीन एओ को मिला। लेकिन इनमें से केवल आठ ही ऐसे एथलीट्स हैं, जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीता। देश के एकमात्र पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा रियो ओलंपिक 2016 में भारत के ध्वजवाहक थे। यह उनका आखिरी ओलंपिक भी था। ध्वजवाहकों में अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में 1932 ओलंपिक हॉकी टीम के कप्तान लाल चंद भोकरी, जादूगर ध्यान चंद, दिग्गज बलबीर सिंह सीनियर और जफर इकबाल भी शामिल हैं।

# मनु भाकर-सरबरोज सिंह को मिला सरकारी नौकरी का ऑफर

नई दिल्ली, 11 अगस्त। भारत को पेरिस ओलंपिक 2024 में शूटिंग से तीन मेडल मिले। भारत को सरबजोत सिंह और मनु भाकर ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। मनु और सरबजोत सिंह ने हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाकात की। इन दोनों को हरियाणा सरकार ने नौकरी का ऑफर दिया है। लेकिन दोनों ही नौकरी करने से इंकार कर दिया है। सरबजोत और मनु ने नौकरी का ऑफर न स्वीकार करने का कारण भी बताया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने इस मसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, इन दोनों खिलाड़ियों को नौकरी जॉइन करना मुश्किल है। ये दोनों मेडल के लिए खेल रहे हैं। मनु और सरबजोत सिंह का कहना है कि वे दोनों गोल्ड मेडल के लिए खेल रहे हैं, न की नौकरी के लिए, मनु और सरबजोत को खेल विभाग में डिप्टी डायरेक्टर की पोस्ट ऑफर की गई थी, इन दोनों से पहले और भी एथलीट्स को



नौकरी का ऑफर मिल चुके हैं। अगर मेडल टैली पर नजर डालें तो इसमें चीन सबसे ऊपर है। चीन ने कुल 90 मेडल जीते हैं, इसमें 39 गोल्ड, 27 सिल्वर और 24 ब्रॉन्ज हैं। दरअसल, मेडल टैली में सबसे ज्यादा गोल्ड जीतने वाला देश सबसे ऊपर रहता है। यूएसए दूसरे नंबर पर है। उसने 38 गोल्ड समेत 122 मेडल जीते हैं। इसमें 42 सिल्वर और 42 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। ऑस्ट्रेलिया 18 गोल्ड मेडल के साथ 18 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

# पेरिस ओलंपिक खेलों में अमेरिका नंबर वन

पेरिस, 11 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में पदकों का शतकवीर अमेरिका ने 126 पदकों के साथ अपना नंबर वन का रूतबा कायम रखा। वहीं 91 पदकों के साथ चीन दूसरे स्थान पर है। अमेरिका ने 40 स्वर्ण, 44 रजत और 42 कांस्य सहित कुल सर्वाधिक 126 पदक जीते है और वह पदक तालिका में शीर्ष पर। वहीं चीन सर्वाधिक 40 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य पदकों सहित कुल 91 पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसके बाद तीसरे स्थान पर जापान ने 20 स्वर्ण , 12 रजत एवं 13 कांस्य पदक के साथ कुल 45 पदक जीते। चौथे पायदान पर रहते हुए ऑस्ट्रेलिया ने कुल 53 पदक जीते जिनमें 18 स्वर्ण , 19 रजत एवं 16 कांस्य पदक है।

इसी तरह मेजबान फ्रांस 16 स्वर्ण , 25 रजत एवं 22 कांस्य पदक के साथ कुल 64 पदकों के पांचवे स्थान पर रहा। छठे स्थान पर रहते हुए नीदरलैंड ने 15 स्वर्ण , सात रजत एवं 12 कांस्य पदक के साथ कुल 34 पदक जीते। ब्रिटेन 14 स्वर्ण 22 रजत एवं 29 कांस्य पदक के साथ 65 पदक जीतकर सातवें स्थान पर, दक्षिण कोरिया 13 स्वर्ण, नौ रजत एवं 10 कांस्य पदकों के साथ कुल 32 पदकों के साथ आठवें स्थान पर रहा। इटली 12 स्वर्ण, 13 रजत एवं 15 कांस्य पदकों के कुल 40 पदक जीतकर नौवें स्थान एवं जर्मनी 12 स्वर्ण, 13 रजत एवं आठ कांस्य के साथ कुल 33 पदक जीतकर दसवें स्थान पर रहा। भारत पदक तालिका में कुल छह पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा है। भारत ने एक रजत एवं पांच कांस्य पदक जीते है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत को कुल सात पदक मिले थे।

भारत के लिए पेरिस 2024 में निशानेबाजी में मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर देश को पहला पदक दिलाया। इस तरह वह ओलंपिक निशानेबाजी में भारत की पहली पदक विजेता बन गईं। फाइनल में वह दक्षिण कोरिया की ओह ये जिन और किम येजी से पीछे रहीं। मनु भाकर ने पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन खेलों में इतिहास रच दिया और वह एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं। महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के कुछ दिनों बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन दोनों ने टीम पदक के लिए दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वियों को हराया।

इसी तरह निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने पेरिस 2024 में भारत के लिए तीसरा पदक जीता। इसी के साथ भारत ने ओलंपिक में किसी एक संस्करण में देश के लिए शूटिंग में सबसे अधिक पदक जीते। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन तीन पदकों ने लंदन 2012 में निशानेबाजी में जीते गए भारत के दो पदकों के प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। हालांकि, यह ओलंपिक में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग इवेंट में पहला पदक था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में अपना लगातार दूसरा पदक जीता। यह भारतीय हॉकी का 1968, 1972 और 2020 खेलों के बाद चौथा ओलंपिक कांस्य पदक था और उनका कुल मिलाकर 13वां ओलंपिक पदक। पेरिस में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह कुल दस गोल किए।

मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुष भाला फेंक फाइनल में अपने टोक्यो 2020 खिताब का बचाव करने से ज़रूर चूक गए लेकिन 89.45 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता, जो उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। वह ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले स्वतंत्र भारत के पहले ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बन गए। अमन सहरावत ने पेरिस 2024 में पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में भारत के लिए लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीता। भारतीय पहलवान ने कांस्य पदक मुकाबले में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13-5 से हराया। कांस्य पदक मैच से पहले अमन ने पेरिस ओलंपिक में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जिसमें पूर्व विश्व चैंपियन अल्बानिया के ज़ेलिमखान अबकारोव पर जीत भी शामिल थी। 21 साल 24 दिन के अमन सहरावत ओलंपिक में भारत के सबसे कम उम्र के पदक विजेता रहे।

## पहली ग्रांट से रिपेयर होगा जीएनडीयू का एस्ट्रो टर्फ : औजला

अमृतसर, 11 अगस्त। पंजाब के अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने रविवार को कहा कि वह पहली ग्रांट आने पर श्री गुरु नानक देव युनिवर्सिटी (जीएनडीयू) में 25 लाख के खर्च से एस्ट्रो टर्फ की मरम्मत कराएंगे और हर साल एक टर्फ बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ी मन लगाकर खेल सकें। औजला ने आज ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर वापिस आयी नैशनल हॉकी टीम का श्री गुरु राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने बेहद उत्साह के साथ पंजाब का और देश का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए एक करोड़ की घोषणा होने पर कहा कि पिछली बार कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार में भी पहले विजेता टीम के लिए एक करोड़ की घोषणा की थी लेकिन मैंने खुद जोर देकर उसे दो करोड़ 51 लाख रु कराया था। उन्होंने कहा कि वह खुद खिलाड़ी रहे हैं और जानते हैं कि दिन रात की मेहनत के बाद ही जीत हासिल हो पाती है। औजला ने कहा कि पंजाब में नशे के दरिया को रोकने के लिए खेलों को प्रोमोट करना बेहद जरूरी है। इसीलिए जब हरियाणा खिलाड़ियों को ढाई करोड़ दे रहा है तो पंजाब के खिलाड़ियों को भी ढाई करोड़ मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी हर किसी के लिए मिसाल के रुप में उभरे है और इन्हें देखकर ही युवकों को प्रेरणा लेनी चाहिए। आने वाली पीढ़ी को खेलों के प्रति रुचि दिखानी चाहिए ताकि वह अपनों का और देश का नाम रोशन कर सकें।

## विश्व स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाया : अवस्थी

सोलन, 11 अगस्त। हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने न केवल विश्व स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि को बढ़ाया है अपितु विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों को दी जानी वाली डाईट मनी में भी वृद्धि की है। अवस्थी रविवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 14 वर्ष से कम आयुवर्ग की तीन दिवसीय खण्ड खेल-कूद प्रतियोगिता के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

अवस्थी ने कहा कि खेल व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ राष्ट्र एवं प्रदेश की छवि को सशक्त बनाने का बेहतर माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर खेल अधोसंरचना एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। ओलपिंक्स खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर दी जानी वाली पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपए से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने पर पुरस्कार राशि दो करोड़ रुपए से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक जीतने पर पुरस्कार राशि को एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर दो करोड़ रुपए किया गया है। उन्होंने कहा कि एशियन खेलों और राष्ट्र मण्डल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की गई है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाईट मनी में आशातीत वृद्धि की गई है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाना है अपितु उन्हें भविष्य की चिंता से मुक्त भी करना है।

अवस्थी ने अध्यापकों और छात्रों से आग्रह किया कि एक खेल में उत्कृष्ट बनें ताकि उनकी प्रतिभा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर किए जाने वाले कार्यों में सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि हार से निराश न हों अपितु हार से सबक लेकर अपनी गल्तियों को सुधारते हुए जीत प्राप्त करना का प्रयास करें।

मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत होते है और नशे के विरुद्ध खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक होंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हिमाचल को नशा मुक्त बनाने में प्रदेश सरकार के प्रयासों को सहयोग दें।

अवस्थी ने राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में शौचालय निर्माण के लिए 23 लाख रुपए प्रदान करने तथा छत की मुरम्मत के लिए प्राकलन अनुसार धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजकों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

उन्होंने इस अवसर पर सभी को विश्वास दिलाया कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास उनकी प्राथमिकता है और विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। आज से आरम्भ हुई इस तीन दिवसीय खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 18 विद्यालयों के 210 छात्र भाग ले रहे हैं। कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन और मार्चपास्ट इत्यादि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

# डॉ. मनीष अग्रवाल अध्यक्ष व अरुण प्रताप सिंह बने सचिव

## मुकेश अग्रवाल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ललित गुप्ता सहित चार उपाध्यक्ष बने, जयपुर जिला हैंडबॉल संघ के चुनाव सम्पन्न

जयपुर, 11 अगस्त। रविवार को संडे होटल में संपन्न हुये जयपुर जिला हैंडबॉल संघ के चुनावों में डा. मनीष अग्रवाल अध्यक्ष पद पर तथा अरुण प्रताप सिंह मानद सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुये। जबकि सीए मुकेश अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुये। ललित गुप्ता, सुब्रत सेन, आशीष जैन व अनिरुद्ध सिंह राजावत उपाध्यक्ष चुने गये।

इन चुनावों में जिला क्रीड़ा परिषद् की ओर से राजेश कुमार टेलर, जयपुर जिला ओलम्पिक संघ की ओर से भंवर लाल शर्मा, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की ओर से चंद्रवीर सिंह राजावत पर्यवेक्षक के रुप में मौजूद थे। चुनाव अधिकारी रिटायर्ड खेल अधिकारी महेश चंद सैनी थे। यह चुनाव राजस्थान स्पोर्ट्स एक्ट-2005 व नेशनल




स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड-2011 के प्रावधानों के तहत हुए है। निवर्तमान सचिव यश प्रताप सिंह ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. मनीष अग्रवाल ने कहा कि जल्दी ही कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर आगामी टूर्नामेंटों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी : अध्यक्षः डा. मनीष अग्रवाल। वरिष्ठ उपाध्यक्षः मुकेश अग्रवाल। उपाध्यक्षः ललित गुप्ता, सुब्रत सेन, आशीष जैन, अनिरुद सिंह राजावत। मानद सचिवः अरुण प्रताप सिंह। कोषाध्यक्षः लोकेश शर्मा। संयुक्त सचिवः महिवर्दन सिंह, विनोद बालोदिया, पीयूष तिवारी, हर्षवर्धन सिंह सोलंकी। कार्यकारिणी सदस्यः दीपक गुप्ता, मोहित शर्मा, दीपेंद्र प्रधान, अभिनव पालीवाल।



*प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री सभी अधिकारियों एवं जिला सचिवों को जिलों का दौरा करने तथा आपदा राहत के त्वरित इंतजाम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, जान-माल के नुकसान से बचाना एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।*

# मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए

## मु.मंत्री भजनाल शर्मा ने आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में कहा कि अतिवृष्टि की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रभारी सचिव जिलों का दौरा करें

- **मुख्यमंत्री ने विभागों की संयुक्त टीमें गठित करने तथा बचाव एवं राहत कार्य में गति लाने के निर्देश दिये।**

जयपुर, 11 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव और त्वरित राहत पहुंचाने तथा बचाव-राहत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आपदा प्रबंधन गतिविधियों को अधिक सक्रिय बनाने के लिए निर्देश दिए।

शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रभारी सचिव अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर अतिवृष्टि की स्थिति का जायजा लें और जिला प्रशासन के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत राहत पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की पूर्ण सतर्कता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें गठित कर तत्काल राहत कार्यों में गति लाई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचाव व राहत कार्यों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे एवं जलभराव क्षेत्रों का दौरा कर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा प्रभावित क्षेत्रों में पानी, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं की शीघ्र बहाली की जाए। साथ ही उन्होंने भोजन, पेयजल, दवाइयों की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु मुस्तैदी से कार्य करें एवं आमजन में जागरूकता हेतु एडवाइजरी जारी की जाए।

शर्मा ने कहा कि राज्य एवं जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम की व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए। साथ ही, मौसम विभाग के आने वाले दिनों के पूर्वानुमान के आधार पर आवश्यक ऐहतियाती उपाय किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त बांधों और नहरों की स्थिति की लगातार निगरानी की जाए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन आनन्द कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन टी. रविकान्त, आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण मंजू राजपाल, चैयरमैन डिस्कॉम्स भानू प्रकाश एटूरू सहित आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश को बनायेंगे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने भीलवाड़ा नगर निगम सहित बजट घोषणाओं के लिए आभार सभा को म्संबोधित किया

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र-हर वर्ग सौगातें दी गई हैं।**

जयपुर, 11 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निवास पर भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने सहित भीलवाड़ा और जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 विकसित राजस्थान की धुरी हैं। इसमें प्रदेशवासियों से प्राप्त विभिन्न सुझावों को शामिल करते हुए राज्य के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए बिजली और पानी सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताएं होती है। इसलिए हमारी सरकार इन क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा को बढावा देने एवं ऊर्जा उत्पादक इकाइयां स्थापित करने के लिए विभिन्न एमओयू किये गये हैं। हमारा लक्ष्य वर्ष 2027 तक राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी के साथ ही शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता तथा दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना का धरातल पर क्रियान्यवन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता से राज्य में कृषि, उद्योग एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा जिससे विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीलवाड़ा शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। हमने भविष्य की जरूरतों को समझते हुए भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट में भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इनमें भीलवाड़ा में 132 केवी जीएसएस एवं बीएसपी नगर में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण तथा 8 करोड़ रुपये से भीलवाड़ा-देवगढ़ वाया पांसल, पिथास बागोर, बोराणा जगदीश सड़क चौड़ाईकरण कार्य शामिल हैं। शर्मा ने कहा कि भीलवाड़ा में टैक्सटाइल पार्क स्थापित करने के साथ ही 12 करोड़ रुपये से मानसरोवर झील के विकास कार्य भी करवाये जायेंगे। इसके अतिरिक्त उदयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा में पेयजल तथा सिंचाई के लिए 30 करोड़ रुपये की परियोजना एवं जयपुर-भीलवाड़ा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण की डीपीआर बनायी जानी भी प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी राज्य बजट में कई प्रावधान किए गए है। लगभग 71 करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का निर्माण उन्नयन एवं चोड़ाईकरण कार्य कराये जायेंगे। साथ ही पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र तथा पण्डेर में औद्योगिक पार्क स्थापित किया जायेगा। शर्मा ने कहा कि जहाजपुर-शाहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला चिकित्सालय में तथा अमरगढ़ एवं सरदार नगर (बनेड़ा) के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जहाजपुर-शाहपुरा में कन्या महाविद्यालय, कोटडी में नवीन महाविद्यालय तथा सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त गुढ़ा में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण भी करवाया जायेगा।

कार्यक्रम में जहाजपुर और भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से आये लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को साफा एवं दुपट्टा पहनाकर उनका अभिनंदन किया एवं शौर्य के प्रतीक के रूप में तलवार भेंट की। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा एवं भीलवाड़ा नगर परिषद के सभापति राकेश पाठक सहित विभिन्न जन प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## 'अडानी ग्रुप ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

महीने बाद एक ब्लॉगपोस्ट में आरोप लगाया, सेबी ने अडानी के मॉरीशस और विदेश स्थित फर्जी कंपनियों के कथित अघोषित जाल में आश्चर्यजनक रूप से रुचि नहीं दिखाई है।

अडानी समूह ने अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के नवीनतम आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और चुनिंदा सार्वजनिक सूचनाओं से छेड़छाड़ करने वाला बताते हुए रविवार को कहा कि उसका बाजार नियामक सेबी की अध्यक्ष या उनके पति के साथ कोई वाणिज्यिक संबंध नहीं है।

## 'बांग्लादेश के रणनीतिक द्वीप ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मेरी सत्ता कायम रहती। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने अपने देश के लोगों का ख्याल रखा। शेख हसीना ने लोगों से यह भी अपील की कि वह उग्रवादियों के बहकावे में न आएं। गौरतलब है कि मई में हसीना ने बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों को विभाजित करके पूर्वी तिमोर की तरह एक ईसाई राज्य बनाने की साजिश का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया कि अगर वह किसी विदेशी देश को बांग्लादेश में एयरबेस स्थापित करने की अनुमति देती हैं तो उन्हें बेहद आसानी से एक बार फिर पीएम चुन लिया जाएगा। हालांकि उन्होंने उस वक्त देश का नाम नहीं बताया था। शेख हसीना ने अपने बयान में कहा कि अगर वह देश में रुकी होतीं तो और ज्यादा मौतें हो जातीं। इतना ही नहीं, प्रदर्शन भी काफी उग्र होता और इससे नुकसान भी काफी होता। उन्होंने बांग्लादेशवासियों से कहा कि मैं आपकी लीडर बनी, क्योंकि आपने मुझे चुना था। बता दें कि शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में 300 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। इसके चलते अभी तक वहां पर मरने वालों की संख्या बढ़कर 560 हो चुकी है। हसीना ने कहा कि उनके शब्दों का गलत इस्तेमाल करके छात्रों को भड़काया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैंने कभी भी प्रदर्शनकारी छात्रों को रजाकर कहकर नहीं बुलाया। हसीना ने कहा कि किस तरह से साजिश की गई है, इसको देखना है तो आप मेरे भाषण का पूरा वीडियो देखिए।

## हरियाणा: जमीन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जानकारी के अनुसार रानियां में श्री जीवननगर नामधारी धाम स्थित है। नामधारी सिख समुदाय के दो धाम हैं, एक धाम श्री भैणी साहिब लुधियाना में है, जिसे सतगुरु उदय सिंह संभालते हैं। दूसरा धाम सिरसा के रानियां में है, जिसे ठाकुर दलीप सिंह संभालते हैं। रविवार को सतगुरु उदय सिंह के अनुयायी डेरा जीवन नगर से सटी 12 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की नीयत से आए थे। जमीन श्री जीवन नगर नामधारी धाम से सटी है। कब्जा लेने की कोशिश का पता चलते ही दूसरा पक्ष वहां पहुंच गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा शुरू हो गया। सतगुरु उदय सिंह के 250 अनुयायियों ने डेरे पर हमला कर दिया। दोनों तरफ से हथियार निकल गए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। इस घटना में 6 लोगों को गोलियां लगी हैं।

वहीं खूनी झड़प की जानकारी मिलने के बाद जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो पुलिस पर भी गोलियां चला दी गई। एसएचओ की गाड़ी पर भी गोलियां बरसाई गई और ड्राइवर बाल-बाल बच गया। पुलिस वाले किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे। इसके बाद सिरसा के एसपी विक्रांत भूषण भारी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को वहां से खदेड़ा लेकिन पुलिस को शक है कि अभी भी हथियार बंद खेतों में छुपे हुए हैं, जिन की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

सिरसा पिछले कई दिनों से तनाव में है। हाल ही में सिरसा के जगमालवाली स्थित मस्ताना शाह बलोचिस्तान आश्रम के संत महाराज बहादुर चंद वकील साहब का एक अगस्त को निधन हो गया था। उनकी गद्दी पर दो पक्षों की दावेदारी थी और डेरा प्रमुख के अंतिम संस्कार के दौरान दो पक्षों में गोलीबारी हुई थी।

इसे देखते हुए रस्म पगड़ी के दौरान भी हिंसा की आशंका को लेकर प्रशासन ने सिरसा में इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया था। सिरसा में इंटरनेट सेवा ठप कर दी गई थी। अब इस घटना ने सरकार और जिला प्रशासन की चिंता और बढ़ा दी है और जिले में कानून-व्यवस्था कायम रखना चुनौती बन गई है।

# बाणगंगा नदी में नहाने गये सात युवकों की डूबने से मौत

## बताया जा रहा है कि सभी युवक पानी में नहाने के दौरान रील बना रहे थे, सभी मृतक 14 वर्ष से 22 वर्ष आयु तक के बताए हैं

- **बयाना क्षेत्र में होकर बहने वाली इस बाणगंगा नदी में करीब तीन दशक बाद बरसाती पानी का ऐसा तेज बहाव आया है।**
- **घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने रैस्क्यू अभियान चलाकर बच्चों को पानी से निकलवाकर समीप के स्वास्थ्य केन्द्र झील का बाड़ा पहुंचाया।**
- **जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया तथा परिजनों से मिलकर नियमानुसार सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।**

भरतपुर, 11 अगस्त (निसं)। जिले के बयाना उपखण्ड के पिदावली ग्राम के पास बाणगंगा नदी में वर्षा के पानी में नहाने के लिए गये श्रीनगर गांव निवासी सात बच्चों की डूब जाने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी युवक पानी में नहाने के दौरान रील बना रहे थे। सभी मृतक 14 वर्ष से 22 वर्ष आयु तक के बताए हैं। जानकारी के अनुसार, बयाना क्षेत्र में होकर बहने वाली इस बाणगंगा नदी में करीब तीन दशक बाद बरसाती पानी का ऐसा बहाव आया है। इस समय इस नदी में तीन से चार फीट पानी का जल स्तर बताया है किंतु इस नदी में कई जगह खनन माफियाओं की ओर से बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किए जाने से गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं जिनमें काफी गहरा पानी भर जाने से और ऐसे गड्ढे में ही यह बच्चे डूब जाने से यह हादसा हुआ बताया है। इस घटना के बाद गांव में हाहाकार मच गया। कई दशकों बाद बयाना क्षेत्र में बाण गंगा नदी में पानी आया था। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा त्वरित टीम भेजी गई। एस.डी.आर.एफ. की टीम ने रैस्क्यू अभियान चलाकर बच्चों को पानी से निकलवाकर समीप के स्वास्थ्य केन्द्र झील का बाड़ा पहुंचाया गया, जहां जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया तथा परिजनों से मिलकर नियमानुसार सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

बयाना उपखण्ड के पिदावली गांव के पास बाणगंगा नदी में बने गड्ढे में नहाने गये बच्चों के डूबने की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा एस.डी.आर.एफ. टीम भेजकर रैस्क्यू किया गया जिनमें से तीन बच्चों को झील का बाड़ा लेकर गये तथा चार बच्चों को भरतपुर आर.बी.एम. अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सातों को मृत घोषित कर दिया। जिला कलेक्टर के निर्देश पर उपखण्ड प्रशासन द्वारा नियमानुसार सहायता प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाया गया है। उपखण्ड अधिकारी बयाना ने बताया कि ग्राम श्रीनगर निवासी पवन (20) पुत्र उदय सिंह जाटव, सौरभ (14) पुत्र तानसिंह जाटव, भूपेन्द्र (18) पुत्र दशरथ जाटव, शांतनु (18) पुत्र खैमसिंह उर्फ खेमचन्द जाटव, लक्खी (20) पुत्र प्रीतम सिंह जाटव, पवन (22) पुत्र शुगर सिंह जाटव की डूबने से मौत हुई है।

## मोदी ने ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की और कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे हैं और इनकी मांग करते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की।

कार्यक्रम में शामिल किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। किसानों ने प्राकृतिक कृषि को बढावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की जागरूकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे है।

बाद में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 61 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि इनसे किसानों की आय बढेगी, पैदावार में इजाफा होगा और लागत घटेगी। चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु अनुकूल है और खराब मौसम में भी बेहतर पैदावार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में पोषक तत्वों से भरपूर हैं।

# 'हिन्दुओं को खत्म करने साजिश हो रही है'

## आर.एस.एस. के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर बड़ा बयान दिया

- **होसबाले ने कहा कि दुनिया के कई स्थानों पर हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं और इस संबंध में आवाज उठानी होगी।**
- **होसबाले ने दावा किया, हिंदू किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं।**
- **गौरतलब है कि बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है, जिसमें मुख्यतः हिंदुओं को निशाना बनाया गया।**

नई दिल्ली, 11 अगस्त। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बांग्लादेश में हिंसा पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने रविवार को दावा किया कि विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की जरूरत पर जोर दिया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के क्षेत्रीय कार्यालय धर्मश्री भवन का आज उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर होसबाले ने कहा कि दुनिया के कई स्थानों पर हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं और इस संबंध में आवाज उठानी होगी।

आरएसएस के दूसरे नंबर के नेता ने दावा किया कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हिंदू जिस देश में रहते हैं, उसके विकास में योगदान दे रहे हैं। वे नियमों और विनियमों का पालन करते हैं। साथ ही, शांति से रहते हैं जो कि गर्व की बात है। होसबाले ने कहा, 'फिर भी, विभिन्न देशों से हिंदुओं का सफाया करने की कोशिशें हो रही हैं। हम देख रहे हैं कि बांग्लादेश में क्या हो रहा है। भारत सरकार अपनी तरफ से कोशिश कर रही है।'

आरएसएस नेता ने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा की जानी चाहिए। हमें अपनी आवाज उठानी होगी। कई देशों में हिंदुओं के मानवाधिकार चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं।' उन्होंने दावा किया कि हिंदू किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं।

सभा को संबोधित करते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने भी बड़ी बात कही। उन्होंने चारों दिशाओं में शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों के कारण भारत के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को रेखांकित किया और हिंदू एकता पर जोर दिया।

## अडानी के शेयरों के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

घोटाले में जेपीसी जांच नहीं होगी, तब तक मोदी जी अपने मित्र की मदद करते रहेंगे और देश की संवैधानिक संस्थाएं तार-तार होती रहेंगी।"

हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार को आरोप लगाया कि सेबी की अध्यक्ष बुच और उनके पति के पास कथित अडानी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट 'विदेशी फंड' में हिस्सेदारी थी। हिंडनबर्ग ने अडानी पर अपनी पिछली रिपोर्ट के 18 महीने बाद एक 'ब्लॉगपोस्ट' में कहा, सेबी ने अडानी के मॉरीशस और विदेश स्थित इकाइयों के कथित अघोषित जाल में आश्चर्यजनक रूप से रुचि नहीं दिखाई है।

सेबी प्रमुख बुच और उनके पति ने एक संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी वित्तीय स्थिति (विनिमय) एक खुली किताब की तरह है। वहीं अडानी समूह ने रविवार को कहा कि हिंडनबर्ग के नए आरोप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचनाओं का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और छेड़छाड़ करने वाला चयन है तथा उसका बाजार नियामक सेबी की अध्यक्ष या उनके पति के साथ कोई वाणिज्यिक संबंध नहीं है।

## कानोता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गहराई करीब 17 फीट है। ऐसे में जरा सी लापरवाही लोगों की जान मुसीबत में डाल सकती है।

# खेतड़ी : महाराणा माता मंदिर के पास बने तालाब में नहाने उतरे तीन युवक डूबे

## सांवलोद के रहने वाले तीनों युवक की मौत हुई

- **तालाब बीते कई महीनों से खाली था लेकिन बीते कई दिनों से हो रही बारिश के कारण तालाब में पानी की अच्छी आवक हो चुकी है।**

खेतड़ी, 11 अगस्त (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के महाराणा गांव में माता के मंदिर के पास बने तालाब में डूबने से रविवार शाम को तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों मृतक महाराणा के पड़ोसी गांव सांवलोद के रहने वाले थे, जो नहाने के लिए महाराणा माता मंदिर के पास बने तालाब पर आए थे।

घटना शाम करीब साढ़े चार बजे की बताई जा रही है। युवकों के डूबने पर वहां नहा रहे अन्य लोगों ने पुलिस को सूचना दी तो सिंघाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से तीनों युवकों को तालाब से बाहर निकाला गया है। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि महाराणा माता मंदिर के पास बने तालाब में तीन युवकों के डूब जाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। अभी दो युवकों के शव को निकाल लिया गया है तथा एक युवक की तलाश की जा रही है। तीनों युवक सांवलोद के रहने वाले होने की जानकारी सामने आई है। परिजनों के बारे में जानकारी जुटाकर युवकों की जानकारी जुटाई जा रही है। महाराणा की पहाड़ी पर ऐतिहासिक माता का मंदिर बना हुआ है। इसके अलावा मंदिर में सीढ़ी चढ़ने से पहले बने मुख्य द्वार के पास तालाब बना हुआ है। तालाब पिछले काफी दिनों से खाली था लेकिन क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बरसात से तालाब पानी से भर गया है। तीनों युवक अपने गांव से महाराणा माता के मंदिर में आए थे।

इस दौरान तालाब में पानी देख नहाने के लिए उतर गए। इस दौरान पानी में डूबने से तीनों की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई जा रही हैं। थानाधिकारी ने बताया कि तीनों मृतकों की पहचान अनूज पुत्र दलीप नेहरा, बुलकेश पुत्र यादराम तथा अनूज पुत्र पूर्णमल के रूप में हुई है। तीनों मृतकों के शव को खेतड़ीनगर के के.सी.सी. अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

मृतक अनूज का पिता पूर्णमल मजदूरी करता है, बड़ा भाई विनोद गाड़ी ड्राइवर है, दूसरे नंबर के भाई की चार साल पहले मृत्यु हो गई थी, मृतक अनुज तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दो बड़ी बहनें शादीशुदा हैं।

अनुज पुत्र दलीप नेहरा अपने माता-पिता के इकलौता बेटा था। वह बीए प्रथम वर्ष में बुहाना के राजकीय कालेज में पढ़ाई कर रहा था। बुलकेश पुत्र यादराम तीन भाईयों में सबसे छोटा था। बड़ा भाई पहाड़ी में मजदूरी करता है। दूसरे नंबर का पढ़ाई तथा तीसरे नंबर का बुलकेश बारहवीं पास कर कालेज में एडमिशन लेने वाला था। मृतक का पिता यादराम भी मजदूरी करता है।

'राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600